सुप्रभात
रांची, रविवार
22.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष,प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 190

12 बिग बॉग से चमकी निमृत की किस्मत, रखेंगी बॉलीवुड में कदम

## न्यूज डायरी

### जम्मू में कई बम विस्फोट, छह घायल

**जम्मू।** जम्मू के नरवाल इलाके में शनिवार सुबह को दो अलग-अलग बम धमाके में कम से कम छह लोग घायल हो गये। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट यार्ड में दो अलग-अलग वाहनों में ये विस्फोट हुए। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद, इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस टीमों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय सचिव ने पहली किसान पाठशाला का किया निरीक्षण

**रांची।** झारखंड दौरे पर रांची आये केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह देश की पहली किसान पाठशाला सह मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा पार्क में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, बत्तख पालन, बकरी पालन, भैंस पालन, गोपालन का अवलोकन के बाद मनरेगा का पार्क में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश का ऐसा पार्क होना जरूरी है, जिससे ग्रामीण को स्वरोजगार प्राप्त हो सके।

### पहलवानों को भी केस कराना चाहिए : योगेश्वर

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ आरोपों पर भारतीय ओलिंपिक संघ ने जांच टीम गठित की है। जांच कमेटी के सबसे अहम सदस्य पहलवान योगेश्वर दत्त हैं। योगेश्वर खुद भी रेसलर रहे है और हरियाणा के ही हैं। श्री दत्त ने जोर देकर कहा कि पहलवानों को एफआइ दर्ज करवानी चाहिए। अगर बहन-बेटी से यौन उत्पीड़न हुआ है तो कोर्ट उसकी सजा देगा, पूरा देश भी यही चाहता है।

### पत्नी की हत्या में पति को 12 साल की सजा

**कोडरमा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए धर्मेंद्र यादव उर्फ बंगाली यादव को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इस मामले में सतगावां थाना क्षेत्र के संबलडीह निवासी और मृतका रिंकू देवी की मां धनवा देवी ने प्राथिकी दर्ज करायी थी।

### लातेहार में हथियार के साथ चार गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत केकराही गांव के पास छापामारी अभियान चलाकर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को अपराधियों को जेल भेज दिया गया। अपराधी एक नया उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में काम कर रहे संवेदक और व्यवसायियों से रंगदारी और लेवी का काम करते थे। पुलिस ने इनके पास से दो रिवाल्वर और तीन गोली भी बरामद की है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों जेपीसी नामक उग्रवादी संगठन बनाकर कुछ अपराधी तीसरे रेलवे लाइन निर्माण कर रहे कंपनी के संवेदक के अलावे अन्य संवेदक तथा व्यवसायियों से रंगदारी की मांग कर रहे थे।

### मौनी अमावस्या पर डेढ़ करोड़ लोगों ने लगायी डुबकी

**प्रयागराज।** आस्था, विश्वास और संस्कृतियों के संगम में माघ मेला के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर पुष्प वर्षा के बीच 12 बजे तक 1.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। पूरा संगम क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा हुआ है। इस पुण्य अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में श्रद्धालुओं ने भोर में चार से स्नान शुरू कर दिया था। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हो रही थी। साधु-संतो और कल्पवासियों पर जब पुष्प वर्षा हुई वह एक बार तो अचंभित हुए। हाड कंपाने वाली शीतलहर भी त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं के कदम को रोक नहीं पा रही है।



# टीम इंडिया ने घर में जीती लगातार 7वीं वनडे सीरीज

## न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

**रायपुर (एजेंसी)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और रोहित शर्मा की अर्द्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया है। इसके साथ ही भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 24 जनवरी को इंदौर में खेला जायेगा। यह टीम इंडिया की अपने घर में लगातार 7वीं वनडे सीरीज जीत ली है। टीम पिछले चार साल से होम वनडे सीरीज नहीं हारी है। यह वनडे में भारत की लगातार छठी जीत भी है। रायपुर के शहीद वीर नरायण सिंह स्टेडियम पर भारत ने टॉस जीता। टॉस जीतने के बाद कुछ देर तक कप्तान रोहित भूल गये कि उन्हें करना क्या है। याद दिलाने के बाद उन्होंने पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड टीम 34.3 ओवर में 108 रन ऑलआउट हो गयी। उसकी ओर

**न्यूजीलैंड : 108 (34.3 ओवर, शमी 3 विकेट)**

से ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाये। मिचेल सैंटनर ने 27 और पिछले मैच के शतकवीर माइकल ब्रेसवेल ने 22 रन बनाये। कीवी टीम के 8 बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाये। भारत के लिए शमी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, शार्दूल ठाकुर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। जवाब में भारत ने 20 ओवर में 2 विकेट पर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। कप्तान रोहित शर्मा ( 51 रन) अपना 48वां वनडे शतक बनाकर आउट हुए। रोहित ने शुभमन गिल के साथ 86 गेंद पर 72 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पिछली 5 पारियों में दोनों ने चौथी बार 50+ की साझेदारी की।

### भारत वनडे में नंबर-1 बनने से एक जीत दूर

दुबई। रायपुर में न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारत अब वनडे रैंकिंग में नंबर-1 होने के भी बेहद करीब आ गया। आइसीसी रैंकिंग में अब रोहित एंड कंपनी के 113 पॉइंट्स हो गये और वह एक पायदान की छलांग के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गयी। अगर टीम इंडिया सीरीज का तीसरा मैच भी जीत लेती है तो वह नंबर-1 पर काबिज हो जायेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले भारतीय टीम 111 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 4 पर थी। पहले नंबर-1 पर काबिज न्यूजीलैंड के 2 पॉइंट्स का नुकसान हुआ और उसके भी अब 113 पॉइंट्स हो हैं। कीवी टीम दूसरे स्थान पर खिसक गयी है। इंग्लैंड अब नंबर-1 हो गया है और उसके भी 113 पॉइंट्स हैं। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड तीनों के एक समान 113-113 पॉइंट्स हैं तो फिर इंग्लैंड नंबर-1 कैसे हो गया। इसका जवाब है दशमलव के बाद के अंकों की गणना। टीम इंडिया अगर सीरीज का तीसरा मुकाबला भी जीत लेती है तो उसके 114 अंक हो जाएंगे और वह रैंकिंग में नंबर-1 हो जायेगी। इंग्लैंड दूसरे स्थान पर खिसक जाएगा और न्यूजीलैंड टीम चौथे स्थान पर लुढ़क जाएगी। ऑस्ट्रेलिया 112 अंकों के साथ नंबर-2 हो जाएगा।

## मोरहाबादी में गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण



**शनिवार को मोरहाबादी स्थित गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले परेड का निरीक्षण करते और सलामी लेते डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल। इस दौरान आला अधिकारियों द्वारा समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।**

### भारत में इस्लामिक शासन लागू करने की साजिश

## पीएफआइ ने बनायी थी किलर स्क्वॉड: एनआइए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) पर बैन लगने के बाद अब उसके मंसूबों का खुलासा हो रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने कर्नाटक में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य की हत्या के सिलसिले में दायर आरोप पत्र में इसका खुलासा किया है। आरोप पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद, सांप्रदायिक घृणा और समाज में अशांति पैदा करने के अपने एजेंडे के तहत और 2047 तक भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पीएफआई 'सर्विस टीम' या 'किलर स्क्वॉड' नामक गुप्त टीमों का गठन किया था। एनआईए ने पिछले साल 26 जुलाई को कर्नाटक के दक्षिण में सुलिया तालुक के बेलारे गांव में भाजपा के युवा मोर्चा जिला समिति के सदस्य प्रवीण नेट्टारू की हत्या के संबंध में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में आरोप पत्र में यह खुलासा किया। आरोप पत्र के अनुसार बड़े पैमाने पर और विशेष रूप से एक विशेष समुदाय के सदस्यों के बीच आतंक पैदा करने के लिए प्रवीण को घातक हथियारों से सार्वजनिक रूप से मार डाला गया था। इन 'सर्विस टीम' के सदस्यों को हथियारों के साथ-साथ हमले का प्रशिक्षण और निगरानी तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया था ताकि कुछ समुदायों और समूहों के व्यक्तियों और नेताओं की पहचान करने, उन्हें सूचीबद्ध करने और उन पर निगरानी रखने के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। चार्जशीट में शामिल 20 पीएफआई सदस्यों में से छह फरार हैं।

### तालाबों का जीर्णोद्धार मद में 467 करोड़ राशि आबंटित : बादल

# सुखाड़ से राहत के प्रयास और तेज होंगे : कृषि मंत्री

### समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेखा ने नगड़ी स्थित राज्यस्तरीय जल छाजन केंद्र में जल संरक्षण से जुड़ी योजना के तहत 467 करोड़ 32 लाख 88 हजार 380 रूपए की योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के किसानों को खुशहाल बनाने के लिए आज का दिन बहुत खास है। झारखंड के सभी जिलों के प्रखंड में तालाब जीर्णोद्धार और परकोलेशन की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में 2133 तालाबों का जीर्णोद्धार और 2795 परकोलेशन के निर्माण के शुभारंभ के साथ ही अच्छा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुखाड़ से राहत मिले, इसके प्रयास सरकार लगातार



प्रयासरत है, लेकिन गांव के स्तर पर भी इसके प्रयास होने चाहिए।

**किसान ही सुधार सकते हैं जीडीपी :** श्री बादल ने कहा कि झारखंड की जीडीपी को सिर्फ किसान ही सुधार सकते हैं। सरकार का उद्देश्य है झारखंड की जीडीपी में 20 प्रतिशत किसानों का योगदान सुनिश्चित हो। हर स्तर पर सरकार सहायता देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जल्द ही किसानों को मजबूत किया जायेगा। साथ ही, दूध में हम दो रुपए प्रति लीटर किसानों को देने का प्रावधान कर चुके हैं। गांव में बिजली की स्थिति बेहतर रहने से तालाब से सुचारू रूप से सिंचाई की व्यवस्था की जा सकती है। इसी कड़ी में सरकार ने स्मार्ट विलेज की परिकल्पना साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पानी पंचायत के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर एक समिति बनायी जा सकती है। समिति को ही तालाब में मछली पालन का जिम्मा दे दिया जाये। (शेष पेज 11 पर)

### प्रभावित किसानों को अग्रिम भुगतान

कृषि मंत्री ने कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को प्रति व्यक्ति प्रति एकड़ के रूप में 3500 रुपये का अग्रिम भुगतान राज्य निधि के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग की जरूरत है। हमारी सरकार ने बीते 3 साल में 1885 करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले हैं। सरकार ने किसानों को लेकर गलत अवधारणा को खत्म करने का प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को बिरसा किसान के रूप में अधिसूचित करने का काम किया है। सरकार का उद्देश्य है झारखंड की जीडीपी में 20 प्रतिशत किसानों का योगदान सुनिश्चित हो।

# गुमला में नाबालिग स्कूली छात्रा ने दिया बच्ची को जन्म

### चाचा पर दुष्कर्म का आरोप, थाने में मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिले के एक प्रतिष्ठित सरकारी विद्यालय की 8वीं की एक नाबालिग छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया। हैरानी की बात है कि छात्रा के गर्भवती होने की भनक न तो स्कूल प्रबंधन को हुआ और न ही उसके परिजनों को हुआ। मामला अचरज में डाल देने वाला है। घटना के संबंध में बताया चा रहा है कि छात्रा का उसके शादीशुदा चाचा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। विद्यालय प्रबंधन ने इस मामले को ले कर थाने में मामला दर्ज कराया है। पेट दर्द की शिकायत पर छात्रा को स्कूल प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां छात्रा ने एक स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया है। पीड़िता के बयान पर दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है। डीइओ सुनील शेखर, अतिरिक्त जिला पदाधिकारी पीयूष कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की और लेखा पदाधिकारी एसएस माधुरी मिंझ 4 सदस्यीय जांच टीम का गठन कर शनिवार को स्कूल पहुंचे। मामले की जानकारी ली। (शेष पेज 11 पर)

## मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री के शेयरिंग पर रोक

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम मोदी को लेकर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री द मोदी क्वेश्चन को शेयर करने वाले ट्वीट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। डॉक्यूमेंट्री की जांच में पाया गया कि यह छवि बिगाड़ने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री के के लिंक जिन ट्वीट के जरिये शेयर किये गये हैं, उनको भी ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है।

**यूट्यूब और ट्विटर का भी एक्शन :** बताया जा रहा है कि यूट्यूब ने भी वीडियो को फिर से अपने प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने पर ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। ट्विटर ने भी अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो के लिंक वाले ट्वीट्स की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आदेश दिया है कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के पहले एपिसोड के यूट्यूब पर शेयर किए गए सभी वीडियो को ब्लॉक किया जाये।

# बागी सन्नी टोप्पो कांग्रेस की राह में डालेंगे रोड़ा

### बंधु से नाराज पार्टी छोड़ी, आज थामेंगे कमल

**सत्येंद्र सिंह**



**रांची।** 2024 के मांडर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बे'दखल' करने की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की और सन्नी टोप्पो के बीच चल रही टसल को भंजाने के लिए भाजपा ने चाल चल दी है। अब कांग्रेस के बागी सन्नी टोप्पो ही मांडर में कांग्रेस के लिए सिरदर्द बनेंगे। बंधु को मांडर की धरती से बेदखल करने को उतावले सन्नी टोप्पो ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अब भाजपा का दामन थामेंगे। 2024 के चुनाव के मद्देनजर जहां, प्रदेश कांग्रेस अपना कुनबा बढ़ाने के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटा है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता ही व्यक्तिगत संबंधों में खटाश आने के कारण पार्टी को लगातार झटका पर झटका देने पर तुले है। (शेष पेज 11 पर)

### कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के 12 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**खूंटी।** कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में 22 जनवरी को रामगढ़ में आयोजित हाने वाली सीनियर एवं अंडर 21 राज्य कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिले के 12 कराटे खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जानकारी जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सह कोच हेजाज असदक ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाडियों में महिला वर्ग निराली गुड़िया, अंजलि कुमारी, सुरभि सिंह, एलिसा केरकेट्टा और आभा भेंगरा शामिल हैं। पुरुष वर्ग में शीतल टोपनो, विक्रम सांगा, अभिषेक टूटी, मुकेश बोदरा, संतोष गोस्वामी, सौरभ महतो और सुभाष कुमार बाड़ा का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले

# झारखंड में भव्य स्वागत से विदेशी मेहमान अभिभूत

## साहिबगंज से गंगा विलास क्रूज आगे की यात्रा पर रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** दुनिया का सबसे विशाल गंगा विलास क्रूज के विदेशी यात्री साहिबगंज में अपने भव्य स्वागत से अभिभूत हो गये। यात्रियों ने ग्रामीणों को नमस्ते और जोहार करते हुए उनके विषय में जाना। उनसे बातचीत के दौरान सैलानियों ने कहा कि यह उनके लिए जीवन के सबसे सुनहरे स्मरण में से एक है और वह इस अनुभव को हमेशा याद रखेंगे। सैलानियों ने कहा कि झारखंड के लोग बेहद मित्रता पूर्वक स्वभाव रखते हैं।



जिला प्रशासन की ओर से उन्हें साहिबगंज के प्रसिद्ध सिल्क स्काफ और मोमेंटो भेंट के रूप में दिया गया। इसके लिए सभी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को धन्यवाद भी दिया। स्वागत के बाद इन विदेशी यात्रियों को क्रूज तक छोड़कर आगे की यात्रा पर विदा किया। जाते-जाते सैलानियों ने कहा, झारखंड के लोग बेहद मित्रता पूर्वक स्वभाव रखते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### परंपरिक नृत्य से स्वागत, मोमेंटो भेंट

शनिवार को जिला प्रशासन ने क्रूज से आये विदेशी मेहमानों का पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ भी स्वागत किया गया। स्विट्जरलैंड से आये यात्रियों को मल्टीमॉडल टर्मिनल का भ्रमण भी कराया गया। मेहमानों ने साहिबगंज के गांवों का भी भ्रमण किया और ग्रामीणों से बातें भी की। वे यहां काफी खुश नजर आये। सभी ने झारखंड और झारखंड को लोगों की प्रशंसा की। वहीं जिला प्रशासन की ओर से उन्हें साहिबगंज के प्रसिद्ध सिल्क स्कार्फ और मोमेंटो भेंट के रूप में दिया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चे, बूढ़े और बुर्जुगों से मुलाकात करते हुए गांव की तस्वीर खींची और झारखंड के गांव से जुड़े स्मरण भी अपने साथ ले गये। यात्रियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा झारखंड में अच्छी धूप है, साथ ही यहां का वातावरण भी शांत है। बातचीत के दौरान सैलानियों ने कहा कि यह उनके लिए जीवन के सबसे सुनहरे स्मरण में से एक है और वह इस अनुभव को हमेशा याद रखेंगे।

# शराबी पुलिसकर्मी ने वर्दी की गरिमा को किया तार-तार

### बीच सड़क पर नशे में करता रहा नौटंकी, लोग बनाते रहे वीडियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** ड्यूटी पर निकले झारखंड पुलिस का एक जवान शराब के नशे में धुत होकर बीच सड़क पर गिर गया और काफी समय तक नौटंकी करते रहा। स्थानीय लोग तमाशबीन की तरह देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। यह वाकया शनिवार को धनबाद जिला पुलिस मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर सदर थाना के रणधीर वर्मा चौक पर हुआ। पुलिस की वर्दी में



शराब पीकर बीच सड़क पर गिरे जवान को देख लोग अचंभित थे। उसी भीड़ में शामिल एक व्यक्ति ने किसी तरह शराब के नशे में धुत शराबी जवान को उठा कर टोटो में बिठाया और पुलिस लाइन भेजा। वर्दी पहने वह जवान नशे में इतना चूर था। (शेष पेज 11 पर)

# डीपीएस में प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी एकेड एक्सपो का हुआ आयोजन

## बच्चों की बनायी 1000 परियोजनाओं और मॉडलों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची में शनिवार को प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी एकेड एक्सपो का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवीन कौशल को सामने लाना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रदर्शनी की श्रृंखला प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने किया। मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे।

**इन विषयों पर प्रोजेक्ट मॉडल की प्रदर्शनी**

प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने रचनात्मक विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मैथमेटिकल साइंस, लाइफ साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस, सोशल साइंस, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, टीचिंग एंड प्रिपरेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट और स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन जैसे विषयों पर लगभग 1000 परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई. साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा भौतिक विज्ञान, वायुगतिकी, जलगतिकी, कंप्यूटर साइंस, साइबर सिक्योरिटी, अर्थ एंड एनवायरनमेंट साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स, हेल्थ एंड हाइजीन, वाटर हार्वेस्टिंग, एनर्जी रिसोर्सेज एंड कंजर्वेशन, स्टार्टअप प्लान्स, बैंकिंग, स्टॉक मार्केट एवं फाइनेंस जैसे कांसेप्ट पर ज्ञान को साझा किया गया।

**प्रदर्शनी में बना रहा आकर्षण का केंद्र**

इस प्रदर्शनी में प्रमुख आकर्षण स्मार्ट डस्टबिन, चैटबोट, ए आई रोबोट, गार्बेज कलेक्टिंग रोबोट, वाटर कंजर्वेशन एप, 3 डी होलोग्राम प्रोजेक्टर, मोशन सेंसर का स्ट्रीट लाइट में उपयोग, मेकैनिकल हैंड फॉर डिसेबल्ड, दक्षिण भारत की वास्तुकला शैली, ड्रिप इरीगेशन, वाटर लेवल इंडिकेटर, अर्थक्वेक अलार्म आदि थे। अंग्रेजी भाषा में वोकैबुलरी, फिगर ऑफ स्पीच पर आधारित मॉडल प्रमुख आकर्षण थे. प्राइमरी विंग के छात्रों ने भी अद्वितीय विषयगत प्रदर्शन प्रस्तुत किया। अंग्रेजी के लिए यह रुडयार्ड किपलिंग की जंगल बुक, हिंदी के लिए कृष्ण की झांकी, विज्ञान के लिए यह स्कल्प्टिंग इंडिया, सामाजिक विज्ञान के लिए यह अतुल्य भारत और गणित के लिए यह दैनिक जीवन में गणित था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

**शिक्षण केवल कक्षा की दीवारों के भीतर ही सीमित न रहे**

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि शिक्षण कक्षा की दीवारों के भीतर ही सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनकी रचनात्मकता एवं गुणों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। डीपीएस रांची हमेशा विद्यार्थियों के समग्र विकास में विश्वास करता है, इसलिए प्रत्येक छात्र को उद्देश्यपूर्ण परिवेश प्रदान किया जाता है, जिसमें वे आसानी से कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 11 को



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से व्यवहार न्यायालय परिसर में कैंप आयोजित किया। कैंप में बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। वादकारियों को डालसा के पीएलवी ने अपने वादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का सुझाव भी दिया तथा वैसे वादकारी जिन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में शरीक होने के लिए नोटिस भेजा गया है, उन्हें उक्त तिथि को उपस्थित होकर वादों को सुलझाने को कहा गया। ज्ञात हो कि लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को सुलझाया जायेगा। इसके अलावा बैंक ऋण से संबंधित मामले एवं कार्यपालक न्यायालयों के मामले को भी चिन्हित किया जा रहा है, जिसमें पक्षकारों को नोटिस कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन का प्रयास किया जायेगा।

डालसा के पीएलवी ने लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, श्रम कार्ड, पीड़ित मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल श्रम, बाल विवाह एवं झालसा, रांची के द्वारा चलाये जा रहे स्कीम के बारे में जानकारी दी। अंत में डालसा के पीएलवी ने लोगों के बीच पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया। कैंप के सफल संचालन में डालसा सचिव, राकेश रंजन, पीएलवी, मुक्तेश्वर पाहन, मानव एवं राजा उपस्थित थे।

## सदान प्रतिनिधियों की मौजूदगी में झंडा का लोकार्पण आज

**रांची।** मूलवासी सदानों के आस्था और पहचान का प्रतीक सदानी झण्डा का लोकार्पण 22 जनवरी को कोकर स्थित ग्रैंड ऑकेजन हॉल में किया जाएगा। सदानी झंडा के लोकार्पण में पूरे झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से सदान समुदाय के शिक्षाविद्, युवा, छात्र प्रतिनिधि, समाजसेवी तथा युवा वर्ग शामिल होंगे। कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलित कर 11.30 बजे आरम्भ किया जाएगा। तत्पश्चात राज्य भर से आए अतिथियों के द्वारा मूलवासी सदानों की दशा एवं दिशाओं पर अपना-अपना विचार रखेंगे। इसके बाद अपराह्न 1:00 बजे विधिवत सदानी झंडा का लोकार्पण मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। मोर्चा के प्रवक्ता विशाल कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। बताया कि यह लोकार्पण राज्यभर से आए अतिथियों की उपस्थिति में दिन के 1.30 बजे किया जाएगा। द्वारा ग्रैंड ऑकेजन हॉल कोकर रांची में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न 3:00 बजे ग्रैंड ऑकेजन से मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अनूठा, बढ़ा बच्चों में आत्मविश्वास : दीपक प्रकाश

सरला-बिरसा स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, 16 विद्यालय के 934 विद्यार्थी हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि पीएम के आह्वान पर परीक्षा पे चर्चा अनूठा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के बल पर बच्चों में आत्मविश्वास पैदा हो रहा है। श्री प्रकाश शनिवार को सरला-बिरला स्कू ल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान स्कूल में आर्ट ऑफ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 स्कूलों के 934 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 2018 से परीक्षा पे कार्यक्रम के रूप में प्रधानमंत्री ने एक नये और बेहतर कार्यक्रम की शुरूआत की है। जो विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति में बड़ी सहायता कर रहा है। इस कार्यक्रम को प्रबंधक और शिक्षक जमीन पर उतार रहे हैं। छात्रों के लिएए अभिभावकों के लिए यह एक ऐसा मन्त्र है, जिससे परीक्षा के दौरान बच्चों को तनाव से मुक्ति तो मिलती ही है। बच्चों की प्रतिभा और योग्यता भी विकसित होती है।

साथ ही, देश व समाज के निर्माण में उनकी भूमिका अधिक से अधिक रहेए तमाम दृष्टिकोण को देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह विशुद्ध रूप से गैर राजनीतिक कार्यक्रम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा जी भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल कांके के रोशन कुमार ने प्रथम, आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली के दिब्यम उरांव ने द्वितीय और सरला बिरला पब्लिक स्कूल के अर्पित जिला तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्त्वावधान में जिला अधिवेशन सह सांगठनिक चुनाव रांची का जिला स्कूल रांची के सभागार में विद्यालय की प्राचार्या मंजुला एक्का की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में संघ के सभी जिलों के अध्यक्ष और सचिव की सहभागिता रही। मुख्य वक्ता संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए माध्यमिक संवर्ग के आपसी एकजुटता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिवेशन में कहा कि शिक्षकों के मूलभूत समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर उनका निराकरण करेंगे। साथ मे उन्होने शिक्षकों को शिक्षा केंद्रित होने के लिए कहा। अधिवेशन में जिला के सभी प्रखंड से शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी इसमें उपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संघ का सांगठनिक विस्तार हुआ। जिसमे जिला अध्यक्ष के पद पर शिक्षक सफदर इमाम और जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह सर्वसम्मति से चुने गए।

उपाध्यक्ष अद्वैत चैतन्य, आनंद कुमार, भवेश चन्द्र महतो, महफिल अंसारी, सुनीला रोजी बाखला, प्रमंडलीय कार्यकारणी सदस्य कुर्बान अली, राज्य कार्यकारणी सदस्य यशवंत विजय, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो, संयुक्त सचिव प्रेम साहू, अनिल नाथ सहदेव, ज्योति कुमारी, डॉ समीर हजाम, परीक्षा अध्यक्ष अभिलाषा, जिला कार्यकारणी सदस्यों में राजेश नंद, अनिल कुमार, इफ्तेखार आलम, रंगेश शेखर, चंद्रशेखर पाण्डेय, विवेक कुमार, तरुण नाग, नीलाक्षी वाजपेयी, श्रीकांत शाहदेव चुने गए।

## डीएसपीएमयू में आनेवाले समय में कई नए पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे : टीके शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में जल्द ही लॉ से सबंधित कई नए पाठयक्रमों की शुरूआत की जाएगी। जो पूरे तरीके से लॉ पाठ्यक्रमों के करियर की दिशा में प्रासंगिक होंगे और उन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के माध्यम से लॉ में करियर विकल्पों की अधिकाधिक मांग होगी। यह कहना था डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का। मौका था, विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ स्टडीज के नए सर्टिफिकेट कोर्स, लीगल ड्राफ्टिंग के प्रारंभ होने का। इस कोर्स की अवधि 6 माह होगी और इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का किसी भी संकाय में बारहवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

डॉ शांडिल्य ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के उपरांत जल्द ही स्कूल ऑफ लॉ डीएसपीएमयू के अंतर्गत डिप्लोमा कोर्स इन टैक्सेशन लॉ और कंज्यूमर लॉ से सबंधित पाठ्यक्रम शुरू किए जाने है। उन्होंने कहा कि उनकी योजना है कि विश्वविद्यालय में लॉ के नए पाठ्यक्रमों को जल्द से जल्द शुरू कर उसे झारखंड के विद्यार्थियों के लिए लॉ की दिशा में अधिकाधिक करियर विकल्पों से जोड़ा जाए। इस अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक डॉ पंकज कुमार ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स इन लीगल ड्राफ्टिंग में नामांकन के लिए जल्द ही वेबसाइट पर सूचनाएं उपलब्ध होंगी। मालू हो कि पूर्व में रांची कॉलेज और अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में वर्ष 2004 में एलएलएम पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई थी। वर्तमान में इस दिशा में अनेक करियर विकल्पों के कारण इस पाठ्यक्रम की महत्ता काफी बड़ी है। मौके पर डॉ अशोक नाग, डॉ राजेश कुमार, सचिन इंदिवर और अभय सहाय उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का पुनर्गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कु ने मोर्चा का पुनर्गठन किया है। इसके तहत झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान संरक्षक शिबू सोरेन, संरक्षक पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, संरक्षक विधायक लोबिन हेमरोम, प्रधान संयोजक विधायक मथुरा महतो, संयोजक विधायक दीपक बिरुवा, संयोजक विधायक लंबोदर महतो, संयोजक विधायक विनोद सिंह, संयोजक विधायक विक्सल कोंगडी, संयोजक पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा, संयोजक पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, प्रधान सलाहकार डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, सलाहकार प्रोफेसर खालिद अहमद, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, सलाहकार डॉ वासवी किड़ो, खिरोधर महतो, विष्णु प्रसाद, मो निसार अहमद, अध्यक्ष राजू महतो उपाध्यक्ष अश्वनी कुजुर, किशोर किस्कु, प्रोफेसर विनोद भगत, प्रफुल्ल तत्वा, महासचिव अजीत मिंज, मो कयूम खान, सचिव रूपलाल महतो, प्रेम मित्तल, भुनेश्वर केवट, प्रो लाल अजय नाथ शाहदेव, प्रो सुनील हांसदा, प्रो अमीन अहमद, पार्वती चरण महतो, बाबूलाल गोराई, शिव शंकर शर्मा, भोला मांझी को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लखन महतो, मो इसरार अहमद, त्रिवेणी वर्मा, हरिबोल महतो, राजू गुप्ता, फ्रैंकलीन आइन्दए, सर्जन हंसदा, बाल किशन रजवार, शिव लाल किस्कू, जगत महतो, डॉ ताहिर, अनिल कुमार टुडू, रोबिन मिर्धा, गोपाल रवानी, सरजीत मिर्धा, राजकिशोर महतो, देवेंद्र महतो, हंदुभगत, अजीत विश्वकर्मा, रामनाथ महतो चुने गये हैं। इसके अतिरिक्त महिला संयोजिका के रूप में विनीता खलखो, हेरेंन कच्छप, रेखा देवी, बिंदिया देवी, बालोमानी बाखला, सीता उरांव, जहांआरा बेगम को मनोनीत किया गया है।

### प्रणामी ट्रस्ट ने जरुरतमंद बीच अल्पाहार का किया वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों ने शनिवार को माघ माह की मौनी अमावस्या के दिन हेहल के बजरा के वृद्ध महिलाओं पुरूषों स्कूल के छोटे छोटे बच्चों जरूरतमंद अभावग्रस्त एव निःशक्त लगभग 200 बच्चों एव वृद्ध महिला- पुरुषो के बीच मिक्सचर पैकेट, बिस्किट, तिलकुट क्रीम बन और भोजन सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी एव बिष्णु सोनी ने आज वहां आये हुए लगभग 200 महिला -पुरुष और बच्चों के बीच अल्पहार मे मिक्चर, बिस्किट क्रिम बन एव तिलकुट का वितरण किया गया। मौके पर मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, सज्जन पाडिया, बिष्णु सोनी, पवन पोद्दार, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह उपस्थित थे। मंदिर के प्रांगण मे 69वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण भजन संकीर्तन के साथ किया जायेगा।

# रांची में एक फरवरी को होगा त्रिशक्ति वंदना महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राजधानी में पहली बार एक फरवरी को त्रिशक्ति वंदना महोत्सव होने जा रहा है। मारवाड़ी भवन में एक छत के नीचे खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु, श्री राणी सती दादी और श्री सालासर महाराज का दरबार सजेगा। युवाओं की नवगठित धार्मिक संस्था म्हारा श्यामधणी दातार द्वारा कराए जा इस महोत्सव में देश के जानेमाने भजन गायकों नंदू शर्मा, रवि बेरिवाल, रोहित शर्मा और मयूर रस्तोगी द्वारा भजन सरिता का प्रवाह किया जाएगा। महोत्सव खाटूधाम राजस्थान के श्री श्याम प्रभु मंदिर के महंत मोहन दास महाराज के सानिध्य में हो रहा है। कार्यकण के विशेष आकर्षण श्री श्याम बाबा का गजरा और निशान महोत्सव, श्री राणी सती दादी का गजरा और चुनरी महोत्सव और बालाजी महाराज का गजरा और ध्वजा महोत्सव होंगे। उन्होंने बताया कि खाटूवाले श्री श्याम बाबा, झुंझुनू वाली राणी सती दादी और सालासर के बालाजी का भव्य, सुंदर और अलौकिक श्रृंगारयुक्त दरबार सजाए जाएंगे और अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। दोपहर 2 बजे से देश के प्रख्यात भजन गायकों द्वारा भजन सरिता प्रवाह की जाएगी। मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि पंडाल में 2000 से अधिक भक्तों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव की समाप्ति मध्यरात्रि 11:45 बजे 51 जोड़ों द्वारा महाआरती के साथ होगी। म्हारा स्यामधणी दातार से जुड़े सदस्यों ने रांची की सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से त्रिशक्ति वंदना महोत्सव में सहयोग और सेवा के लिए आमंत्रण भेजा जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद गोयल, गुटु माटोलिया, मनोज बजाज, किशन गोयल, कुणाल जालान, विकास सिंघानिया, रवि आनंद, संजय शर्मा, पवन शर्मा, विशाल सिंघानिया, दीपक अग्रवाल, जगदीश माटोलिया, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सरावगी, मयंक जैन, राजेश गोयल, अनिल लोहिया, कन्हैया भरतिया, विशांत तोदी, राजेश गोयल, नवीन गाड़ोदिया और प्रमोद सारस्वत समेत 100 से अधिक सेवक जुड़े हैं।

## खबर एक नजर में

### महानगर दुगार्पूजा समिति का प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव से मिला

**रांची।** रांची महानगर दुगार्पूजा समिति का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को रामधन बर्मन के नेतृत्व में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने श्री सिंह से मिलकर 2022 के सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया एवं नववर्ष 2023 की बधाई दी। आगामी होली एवं रामनवमी पर्व को लेकर उनसे बातचीत की एवं प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, महामंत्री राहुल सिन्हा चंकी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा श्री सिंह को पुष्पगुच्छ देकर एवं चुनरी एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रतिनिधि में राज किशोर, अमित सिंह, ओम सिंह शामिल थे।

### भाकपा कार्यालय सभागार में सेमिनार का आयोजन

**रांची।** अखिल भारतीय नौजवान संघ और छात्र संघ के द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रोजगार विहीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद छात्र, युवाओं के समक्ष चुनौतियां के सवाल पर 23 जनवरी 2023 को भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया है। कार्यक्रम 23 जनवरी 11 बजे से शुरू होगा। इस सेमिनार में मुख्य रूप से अखिल भारतीय नौजवान संघ के राष्ट्रीय महासचिव आर त्रिमुलाई एवम पश्चिम बंगाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे एस पी मुखर्जी मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### छह जोड़े विवाह बंधन में बंधे



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के नेतृत्व में कुल 6 जोड़ों का विवाह धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथपुर मंदिर में वैदिक रीति में विधि-विधान से कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल और प्रांतीय सचिव प्रभा पाड़िया थीं। इस विवाह में कन्यादान मंजू खंडेलवाल, लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा, ललिता नारसरिया, सुधा अग्रवाल, उपासना जैन, रमा सरावगी के कर कमलों से संपन्न हुआ। रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर, पूर्व अध्यक्ष शोभा जाजू, उपाध्यक्ष मधु सर्राफ और सह सचिव शशि डागा की उपस्थिति में सभी कार्य सुचारू ढंग से संपन्न हुए। मंच की ओर से नव दंपत्तियों को गृहस्थ जीवन चलाने के लिए मंच की ओर से उपहार भी दिये गये।

### त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन 01 फरवरी को

**रांची।** हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में 01 फरवरी को एकदिवसीय त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का आयोजन म्हारा श्याम धणी दातार रांची संस्था के सानिध्य में किया जा रहा है। महोत्सव में राजस्थान स्थित खाटू धाम मंदिर के महंत मोहन दास महाराज का आगमन होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सेवक प्रमोद सारस्वत, आनंद गोयल, गुप्तु माटोलिया, मनोज बजाज, किशन गोयल, कुणाल जालान, विकास सिंघानिया, रवि आनंद, संजय शर्मा, पवन शर्मा, विशाल सिंघानिया, दीपक अग्रवाल, जगदीश माटोलिया, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सरावगी व अन्य मौजूद थें।

# स्पोर्टस साइंस के सहारे अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतना संभव

- झारखंड की नयी खेल नीति से प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर
- द्रोणाचार्य व अर्जुन अर्वाड विजेता भारत के तीरंदाजी कोच संजीव कुमार सिंह ने कहा–खेल व खिलाड़ियों को खेल नीति से मिलेगा लाभ

उदय चौहान

**रांची।** द्रोणाचार्य व अर्जुन अवार्ड विजेता भारतीय तीरंदाजी कोच संजीव कुमार सिंह का मानना है कि स्पोर्टस साइंस का इस्तेमाल कर इंटरनेशनल पदक जीता जा सकता है। श्री सिंह नेतरहाट में खबर मन्त्र से विशेष बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी प्रतिभाओं की झारखंड में भरमार है। बस, उसे तलाशने व तराशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पोर्टस साइंस का इस्तेमाल खिलाड़ियों के लिये आवश्यक है। जो तीरंदाज नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर अपना लोहा मनवाना चाहते हैं उन्हें स्पोर्टस साइंस का सहारा लेना होगा। स्पोर्टस साइंस के बिना प्रतिभा को तराशना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड खेल नीति 2021 से खेल व खिलाड़ियों को फायदा होगा। झारखंड सरकार ने खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए झारखंड खेल नीति लांच कर दिया है। यह नीति खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए काफी कारगर साबित हो रही है। इसमें पेंशन छात्रवृति और सम्मान राशि का प्रविधान किया गया है। नई खेल नीति वर्ष पांच साल के लिए लागू है। इससे पहले राज्य में वर्ष 2007 में लागू हुई थी। नई नीति में खिलाड़ियों को छह हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति, पूर्व खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये तक मासिक पेंशन, खेल प्रशिक्षकों को 10 लाख रुपये तक की सम्मान राशि का प्रविधान किया गया है। साथ ही, राज्य में खिलाड़ियों के लिए जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार तथा खेल प्रशिक्षकों के लिए झारखंड खेल पुरस्कार योजना की शुरूआत से खेल के प्रति माहौल बनेगा। खिलाड़ियों के कल्याण के लिए झारखंड स्पोर्ट्स डवलपमेंट फंड का गठन से भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि खेल नीति से सभी वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**अंतरराष्ट्रीय खेल की प्रतिभा चयन का केंद्र बनेगा नेतरहाट**

अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज संजीवा सिंह ने कहा कि सांसद सुनील सिंह के अथक प्रयास से युवाओं को खेलों में अवसर मिल रहा है। मालूम हो कि संजीव कुमार सिंह झारखंड के एक भारतीय तीरंदाजी कोच हैं। वह टाटा फुटबॉल अकादमी, टाटा स्टील के प्रमुख हैं। वह भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इन्हें 1992 में भारतीय तीरंदाजी में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार दिया गया। इन्हें 2007 में द्रोणाचार्य पुरस्कार भी मिला है। स्वयं रिकर्व व कालांतर में कंपाउंड के विश्वस्तरयी खिलाड़ी रह चुके संजीव को भारत में तीरंदाजी के कंपाउंड स्पर्धा का जनक माना जाता है। संजीव सिंह ने बताया कि 2004 न्यूयार्क में जब मैं जब भारतीय टीम के कोच के रूप में अमेरिका गया थाए हमारी टीम पुरूषों की रिकर्व में चौथे और महिला वर्ग में छठे स्थान पर रही थी। न्यूयार्क में पहली बार कंपाउंड विधा के बारे में सुना.देखा और प्रभावित हुआ। रिकर्व की अपेक्षा शारीरिक बल कम लगता हैए इसलिए मुझे झारखंडियों के परिप्रेक्ष्य में ये स्पर्धा काफी फलदायक लगा। हम सभी ने चंदा इकळा किया और कंपाउंड के कुछ इक्वीपमेंट के साथ भारत लौटे। विपरित परिस्थितियों में झारखंड के तत्कालीन सीएम अर्जुन मुंडा जी और टाटा स्टील के मुत्थुरमण सर के सहयोग से कंपाउंड आगे बढ़ा। 2006 में कॉमनवेल्थ देशों को जोड़कर टाटा में तीरंदाजी कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हुआ, सारे पदक झारखंड के तीरंदाजों ने अपने नाम किए। बाद में पलटन हांसदा जूनियर विश्व चैंपियन बनेए झानू हांसदा एशियन चैंपियनशिप में जीतीं।

## समय संवाद

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था. बोस असाधारण रूप से प्रतिभाशाली थे. उन्होंने 1918 में प्रथम श्रेणी स्कोर के साथ दर्शनशास्त्र में बीए पूरा किया. बोस 1920 और 1930 के दशक के अंत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा, कट्टरपंथी विंग के नेता बन गए. भगवद् गीता सुभाष चंद्र बोस के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत थी.सुभाष चंद्र बोस के पिता चाहते थे कि सुभाष आईसीएस बनें. उन्होंने अपने पिता की आईसीएस बनने की इच्छा पूरी की. 1920 की आईसीएस परीक्षा में उन्होंने चौथा स्थान पाया, मगर सुभाष का मन अंग्रेजों के अधीन काम करने का नहीं था. 22 अप्रैल 1921 को उन्होंने इस पद से त्यागपत्र दे दिया(

# 85 हजार जवानों के आजाद हिंद सेना के नायक सुभाष



**रविरंजन**

आजाद हिंद सेना में करीब 85000 सैनिक शामिल थे। इसमें एक महिला यूनिट भी थी, जिसकी कैप्टन लक्ष्मी स्वामीनाथन थी. इस फौज में बर्मा और मलाया में स्थित भारतीय स्वयंसेवक भी भर्ती किए गए।

सुभाष चंद्र बोस को स्वतंत्रता के लिए 11 बार हुई जेल की सजा। 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द फौज का गठन किया गया

सुभाष चंद्र बोस देश के उन महानायकों में से एक हैं और हमेशा रहेंगे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. सुभाष चंद्र बोस के संघर्षों और देश सेवा के जज्बे के कारण ही महात्मा गांधी ने उन्हें देशभक्तों का देशभक्त कहा था. महानायक सुभाष चंद्र बोस को 'आजादी का सिपाही' के रूप में देखा जाता है साथ ही उनके जीवन के वीरता के किस्सों के साथ याद किया जाता है।

भारत का सबसे श्रद्धेय स्वतंत्रता सेनानी माने जाने वाले सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज के नाम से पहला भारतीय सशस्त्र बल बनाया था. उनके प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो, मैं तूम्हें आजादी दूंगा' ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे उन तमाम भारतीयों के दिल में देशभक्ति पैदा कर दी थी. आज भी ये शब्द भारतीयों को प्रेरणा देते हैं.

ऐसे बनी आजाद हिंद फौज

दूसरे विश्व युद्ध की शुरूआत में सुभाष चंद्र बोस ने सोवियत संघ, नाजी जर्मनी और इंपीरियल जापान सहित कई देशों की यात्रा की थी. कहा जाता है कि सुभाष चंद्र बोस के इन यात्राओं का मकसद बाकी देशों के साथ आपसी गठबंधन को मजबूत करना था और साथ ही भारत में ब्रिटिश सरकार के राज पर हमला करना था.

कहा जाता है कि 1921-1941 की अवधि में पूर्ण स्वतंत्रता के लिए अपने रुख के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस को विभिन्न जेलों में 11 बार जेल की सजा हुई. उन्हें सबसे पहले 16 जुलाई 1921 को 6 महीने के कारावास की सजा दी गई. 1941 में एक मुकदमे के सिलसिले में उन्हें कलकत्ता की अदालत में पेश होना था, लेकिन वे किसी तरह अपना घर छोड़कर जर्मनी चले गए. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी पहुंचकर वहां के चांसलर हिटलर से मुलाकात की।



द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1942 में भारत को अंग्रेजों के कब्जे से स्वतंत्र कराने के लिये आजाद हिन्द फौज या इंडियन नेशनल आर्मी (कठअ) नामक सशस्त्र सेना का संगठन किया गया. इस फौज का गठन जापान में हुआ था। इसकी स्थापना भारत के एक क्रान्तिकारी नेता रासबिहारी बोस ने टोक्यो (जापान) में की थी। 28 से 30 मार्च तक उन्हें एक सम्मेलन में आजाद हिन्द फौज के गठन को लेकर विचार प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया था।

85000 सैनिकों की आजाद हिंद फौज

बाताया जाता है कि आजाद हिंद फौज के बनने में जापान ने बहुत सहयोग किया था। आजाद हिंद फौज में करीब 85000 सैनिक शामिल थे। इसमें एक महिला यूनिट भी थी जिसकी कैप्टन लक्ष्मी स्वामीनाथन थी।

पहले इस फौज में वे लोग शामिल किए गए, जो जापान की ओर से बंदी बना लिए गए थे। बाद में इस फौज में बर्मा और मलाया में स्थित भारतीय स्वयंसेवक भी भर्ती किए गए। साथ ही इसमें देश के बाहर रह रहे लोग भी इस सेना में शामिल हो गए।

आजाद हिंद फौज के लोगों 1944 को 19 मार्च के दिन पहली बार झंडा फहराया था। राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले लोगों में कर्नल शौकत मलिक, कुछ मणिपुरी और आजाद हिंद के लोग शामिल थे.

**आजाद हिन्द सरकार का गठन**

21 अक्टूबर 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थायी सरकार बनाई. जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपीन्स, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दे दी. आजाद हिन्द सरकार की आजाद हिंद फौज ने ने बर्मा की सीमा पर अंग्रेजों के खिलाफ जोरदार लड़ाई लड़ी थी। (जय हिंद)

# मुक्ति ही उदेश्य

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**छपरा** के स्वामी परमहंस दयाल अद्धैतानंदजी महाराज को बाल्याकाल से ही धर्म भक्ति में लगाव था। उनके घर और बाद में लाला जी के घर काशी के स्वामी जी आते थे। परमहंस दयाल जी उनसे बाल्यकाल में ही सांसो की क्रिया सीख गये थे और उसके बल पर वे अपनी शरीर को भूमि से आठ फीट तक उठा लेते थे। लेकिन जन्म देने वाले माता-पिता और बाद में उनके लालन पालन करने वाले माता-पिता सभी निधन के बाद उनके मन में वैराग्य आ गया। छपरा से वे निकलकर अकबरपुर स्थित एक गुफा में तफ करने लगे जहां उन्हें साधन मार्ग की सिद्धि प्राप्त हुई जिसका मार्गदर्शन उन्हें काशी के स्वामी जी से मिली थी।

एक सवाल है कि क्या अचानक मिली सिद्धि से व्यक्ति पागल नहीं हो जाएगा जब वह ब्राह्ण्ड को एक आकार में देखेगा। निश्चत ही ऐसा हो सकता है इसलिये साधना गुरु के मार्गदर्शन में ही होना चाहिए। हमारा मार्ग धीरे-धीरे उस ओर ले जाता है। स्वामी जी मथुरा होते हुए जयपुर और वहां से टेरी पहुंचे तो वर्तमान सयम में पाकिस्तान में है। वहां भक्ति का प्रचार किया साथ ही स्वरूपानंद जी महाराज से उनकी मुलाकात हुई जो बाल्यकाल से ही वैराग्य को समर्पित हो गये थे। उनके मिलते ही स्वामी परमहंस दयाल ने कहा कि हम तो आपको खोजते खोजते छपरा से टेरी चले आये। इस प्रकार वहां आश्रम की स्थापना की गयी। विगत साल में वहां के स्थानीय मुसलमानों ने आश्रम को क्षतिग्रस्त कर दिया जिसे पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालन ने सरकारी पैसे से पुर्ननिमार्ण कराया। ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्वामी परमहंस दयाल के निर्धारित सूत्रों पर ही चल रहा है।

जब तक हम मोह की दिशा को दूसरी तरफ मोड़ नहीं देंगे तब तक हम कैसे छूट सकते हैं। हमारा पूरा मन हमारी संपति, बाल बच्चों और संसार के सभी भौतिक वस्तुओं में बंधा है लगा है। इस मन को जब हम गुरु की ओर लगा देंगे तब जैसे-जैसे गुरु की ओर हमारा मन लगेगा स्वतः यह भौतिक संसार छूटता चला जाएगा। इसके लिये हमें किसी गुरु के साथ जुड़ना होता है उसके मन में अपना मन मिलना होता है। जैसे गंगा में युमना मिलने के बाद प्रवाहित होती रहती है लेकिन यमुना का अस्तित्व गंगा में पूरी तरह मिल जाता है उसी प्रकार सांसारिक जीव का मन भी जब गुरु में लग कर उसमें अपने आप को लय कर देता है तो वह विशिष्टता को प्राप्त कर लेता है जो जीव का मूल लक्षण है और इसी कार्य निमित्त वह पृथ्वी पर आया है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# मेरे हिस्से की धूप



**सुधीर शर्मा**

**मेरे हिस्से की धूप चोरी हो गई...**
**निकला था सूरज भी समय पे अपने..**
**बस दिखता नहीं आजकल वो गलियों से मेरे...**



**वो दुपहरी भी अब शाम सी दिखती है...**
**वो कड़ाके की धूप अब...**
**तो बस अमीरों की छतों पे ही टिकती है...**
**वो सर्दी की धूप न जाने कौन ले गया..**

**अब न आंगन में माँ की अचार तपती है..**
**पापड़, अदौरी तो बस यादों में ही बसती है...**
**कल तक जिन मैदानों में बचपन खेला करता था...**
**अब ऊँची ईमारतों का वो नया पता हो गया है...**

**जिन बागानों के आम चुपके से चुराया करते थे...**
**अब फैक्ट्री वहाँ से धुँएं उगलती है...**
**उन खपरैलों के मकान न जाने कौन ले गया...**
**बब्बन चाचा की चूरन की दुकान**
**अब आलीशान मकान हो गया..**
**सुना है लड़के विदेशों में नौकरी करते हैं...**
**बब्बन चाचा अब उसी आलीशान मकान में**
**धूप के लिए तरसते हैं...**

**आंगन के कुएं अब जमींदोज हो गए...**
**जो घर के बाहर मैदान हुआ करता था...**
**अब वो बिलकुल थोड़ी हो गई...**
**हाँ हमारे हिस्से की धूप चोरी हो गई...**

# पांच ग्राम से अधिक नमक को ना कहें

**`जीवीएस शास्त्री**

**नमक** एक ऐसा खाद्य पदार्थहै, जिसके बिना किसी का भी काम नहीं चल सकता है। खाने में इसका इस्तेमाल सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं।

अगर आपके गले में खराश है, दर्द है या फिर सूजन, नमक के पानी से कुल्ला करने या गरारा करने से काफी राहत मिलती है। दरअसल, यह एक एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

इस कोरोना काल में भी लोगों को नमक पानी से गरारा करने की सलाह दी जा रही है और नमक के बिना खाना तो एकदम बेस्वाद ही लगता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि ज्यादा नमक नुकसानदायक भी हो सकता है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि लोगों को रोजाना मात्र पांच ग्राम ही नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग इसका दोगुना नमक रोज खाते हैं। संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हर साल तीन मिलियन यानी 30 लाख लोगों की मौत हो जाती है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

संगठन की पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वयस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

कई विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अधिक नमक के सेवन से किडनी में पथरी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि यह मूत्र में कैल्शियम का स्तर बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अगर नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाए तो अनुमानित 2.5 मिलियन यानी 25 लाख मौतों को हर साल रोका जा सकता है।

अगर आप पैकेट बंद खाद्य पदार्थों (चिप्स वगैरह) का सेवन अधिक करते हैं, तो संभल जाइए, क्योंकि जाने-अनजाने में आप इसी के जरिए वो नमक की ज्यादा मात्रा ले लेते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसलिए ध्यान रखें और रोजाना तय मात्रा से अधिक नमक का सेवन न करें।

# बोतल का पानी है खतरनाक

**शशि**

**जल** ही जीवन है, ये बात हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। हमारे शरीर के सभी अंग ठीक से काम करते रहें इसके लिए बॉडी में पानी का होना बहुत जरूरी है। खासतौर पर गर्मियों में पसीना ज्यादा निकल जाने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

शरीर में बैक्टीरिया, वायरस जैसे इन्फेक्शन होने पर भी डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हैं। अब सवाल यह उठता है, क्या पानी पीने का भी कोई सही या गलत तरीका होता है?

हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है लेकिन आयुर्वेद में ऐसा माना जाता है कि खड़े होकर पानी पीने के नुकसान हो सकते हैं। बताया जाता है कि जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो शरीर में तरल पदार्थों का बैलेंस बिगड़ जाता है। ऐसा होने पर जोड़ो से जुड़ी समस्या जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि डॉक्टर्स की सहमति इस बात पर नहीं है।

अक्सर लोग बॉटल से डायरेक्ट पानी पी लेते हैं। घर के बड़े इसको लेकर टोकते भी हैं पर कोई ध्यान नहीं देता। बोतल से पानी पीना ठीक नहीं। हमें हमेशा ग्लास में पानी लेकर घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इसकी एक वजह यह बताई जाती है कि जब हम बॉटल से डायरेक्ट पानी पीते हैं तो एक-दो घूंट में उस वक्त के लिए गला तर हो जाता है और हम पानी कम पीते हैं। अगर आप ग्लास में लेकर पानी पीते हैं तो पूरा ग्लास खत्म करते हैं और शरीर में ज्यादा पानी पहुंचता है। पानी का एक छोटा सिप लें, इसको निगल लें फिर सांस लें। आयुर्वेद में पानी पीने का ये सही तरीका माना जाता है।

बहुत ठंडा पानी पीने से आपके डाइजेशन की प्रक्रिया डिस्टर्ब होती है। गुनगुना पानी पीने के कई फायदे हैं। पानी ना ज्यादा ठंडा, ना ज्यादा गर्म बल्कि कमरे के तापमान जितना होना चाहिए। जब आपको प्यास लगे तब पानी पिएं। रोजाना ढाई से तीन लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखें।

# डिजिटल इंडिया: नया भारत-नयी क्रांति

**श्याम जाजू**

**अभी** कुछ दिन पूर्व भारत यात्रा पर आये माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने कहा कि भारत का डिजिटल स्वरूप अद्भुत है। जितनी तेजी से भारत ने प्रौद्योगिकी का उपयोग कर भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने का सफल प्रयास किया है, ऐसा मैंने पहले नहीं देखा है। यहां हुए डिजिटल परिवर्तन की सराहना की और राजस्थान के उदयपुर में शिल्पग्राम में राजस्थानी हस्तकला की वस्तुओं को खरीदने के लिए यूपीआई (यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस) का भी उपयोग किया। प्रतिनिधिमंडल की एक सदस्य सऊदी अरब की प्रतिनिधि राशा खालिद बिन अफतान ने कहा कि यह अभूतपूर्व है और सभी देशों को भारत और इसकी उच्च तकनीक से सीखने की जरूरत है।

कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार किया है जिसने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद की है। आज देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ दिया गया है। इसने ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता में काफी सुधार किया है और नागरिकों के लिए डिजिटल तकनीकों के उपयोग के माध्यम से सरकारी सेवाओं तक पहुंच को आसान बना दिया है। आज अधिकांश सरकारी सेवायें ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ाने, भ्रष्टाचार को कम करने और सरकारी सेवाओं की दक्षता में सुधार करने में मदद मिली है। इन प्रयासों का नागरिकों के जीवन और देश के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

डिजिटल इंडिया अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 01 जुलाई 2015 को लॉन्च किया था। इसका प्रारंभिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ना और देश में डिजिटल साक्षरता और उपयोग में सुधार करना था। यह पूरा अभियान तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित था - प्रत्येक नागरिक के लिए एक उपयोगिता के रूप में डिजिटल बुनियादी ढांचा, मांग पर शासन और सेवाएं, और नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण। दरअसल, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत को बदलने, डिजिटल सेवाओं के साथ लोगों को सशक्त बनाने और उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद करने के लिए भविष्य का एक रोड मैप है। इसमें एक राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस मिशन, राष्ट्रीय घटक, स्मार्ट शहरों की पहल और डिजिटल इंडिया का प्रमुख कार्यक्रम डिजिलाइट शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाना है।

डिजिटल इंडिया के नौ स्तंभ हैं ब्रॉडबैंड हाइवे, मोबाइल कनेक्टिविटी तक सार्वभौमिक पहुंच, सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम, ई-गवर्नेंसः प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार में सुधार, ई-क्रांति - सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी, सभी के लिए सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नौकरियों के लिए आईटी और प्रारंभिक फसल कार्यक्रम। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र अपने आप में एक जटिल कार्यक्रम है और कई मंत्रालयों और विभागों में फैला हुआ है। डिजिटल इंडिया के तहत महत्वपूर्ण पहलों में शामिल हैंः डिजिलॉकर, ई-स्वास्थ्य अभियान, ई-शिक्षा अभियान, ई-क्रांति (सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी), भीम - यूपीआई पोर्टल और ई-अस्पताल आदि।

भारत को ग्लोबल नॉलेज हब बनाने के साथ हर घर को डिजिटल रूप से साक्षर बनाना था। इस घोषणापत्र में ई-गवर्नेंस पर विशेष ध्यान दिया गया था क्योंकि बीजेपी का मानना था कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी भारत के सशक्तिकरण, नागरिकों की समानता और दक्षता के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र है। इसलिए घोषणा पात्र में ब्रॉडबैंड, सहभागी शासन, डिजिटल लर्निंग, टेली-मेडिसिन, ई-भाषा आदि का उल्लेख किया गया था।आज ये सभी घोषणाएं मूर्त रूप ले चुकी हैं।

# डोसा का कन्नड में अर्थ होता है गुनाह, सैकड़ों प्रकार का बनता है यह मसाला डोसा

**साउथ** इंडिया की सबसे हिट डिश है मसाला डोसा। जो कंपलीट खाना माना जाता है। हालांकि अब पूरी दुनिया में फैल चुके डोसा के इतने अलग-अलग स्वाद आ चुके हैं कि हैरानी हो सकती है। अपने ही देश में डोसा 100 से कहीं अधिक तरह का मिल जाता है। डोसा एक ऐसा व्यंजन है जिसमें अनाज भी है, दालें भी, सब्जियां भी और स्वाद भी। वैसे मूल डोसा का पेस्ट जिसे बैटर भी कहते हैं, उसे चावल और उड़द दाल को भिगोकर और पीसकर बनाया जाता है। इस पीसे हुए पेस्ट को दही के साथ आमतौर पर रातभर के लिए छोड़ दिया जाता है, ताकि उसका फर्मेंटेशन हो सके।

अनायास ही बना डोशा

बहुत से लोग मानते हैं कि डोसा का असली तौर पर जन्म उडुपी में हुआ। दुनिया के ज्यादातर आविष्कार जिस तरह अनायास या कुछ और करते हुए, वैसा ही हाल डोसे का भी है। कहा जाता है कि एक उच्च वर्ण के रसोइए ने चावल की शराब बनाने की कोशिश में ये बना डाला। दरअसल पुराने समय में एक वर्ण विशेष का मदिरा सेवन प्रतिबंधित था। बाजार में इसलिए उनके इसे खरीदकर पीने का सवाल ही नहीं उठता था। लिहाजा उस रसोइए ने खुद चावल का किण्वन करके उसे बनाने की कोशिश की। लेकिन इसने काम नहीं किया। लिहाजा उसने इसको गुस्से में गर्म पैन पर उडेल दिया। जब ये फैलकर कुरकुरी सी पपड़ी में बदला और रसोइये ने इसे चखा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उसने तो खाने का एक स्वादिष्ट व्यंजन बना डाला था। डोशा का कन्नड़ में मतलब होता है गुनाह, चूंकि उस उच्च वर्ण के रसोइये ने शराब बनाने की कोशिश का गुनाह करते हुए इसे बनाया था तो इसे डोशा कहा गया, बाद में ये डोसा हो गया।



**चटनी, सांभर का साथ**

मूल रूप से इसे पहले चटनी के साथ खाया जाता था। सांभर और तरह-तरह की चटनियों का संग तो इसके साथ बाद में आया। डोसा क्रिस्पी भी होता है, स्पंजी और खाने में साफ्ट भी। शुरू में डोसा प्लेन ही होता था, जो चटनी और फिर कुछ समय बाद सांभर के साथ खाया जाने लगा। इसके बाद जब इसके अंदर आलू, प्याज का मिक्स्चर भरा गया तो ये मसाला डोसा हो गया।

**सबसे प्रसिद्ध आलू भरा मसाला डोसा**

जब पुर्तगाली भारत में आलू लेकर आए और ये देखते ही देखते गोवा से निकलकर पूरे भारत में लोकप्रिय होने लगा तो ये आलू डोसे के अंदर आकर मसाला डोसा बन गया।

हर शहर का अपना डोसा

आमतौर पर मसाला डोसा सांभर, नारियल, टमाटर, पुदीना और कई तरह की चटनी के साथ परोसा जाता है। मसलन मैसूर का मसाला डोसा अंदर केवल आलू के मसाले के साथ ही नहीं बनता बल्कि उसमें अंदर पुदीने या नारियल की चटनी भी डाली जाती है। वहीं बेने मसाला डोसा कर्नाटक के दावणगेरे से आता है, जिसे पर्याप्त बटर और आलू के मिक्सर के साथ बनाया जाता है। अब तो मसाला डोसा में अंदर आलू के साथ तमाम सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें मटर, गोभी, पत्ता गोभी, प्याज और गाजर भी शामिल किया जाता है। अब तो सूजी से भी मसाला डोसा बनाया जाता है, जिसे रवा डोसा के नाम से जाना जाता है।

# बढ़ती गरीबी



**नागेन्द्र सिंह**

**दुनियाभर** में असमानता और गरीबी पर काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ओक्सफैम ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे ज्यादा गरीब आज भी भारत में ही रहते हैं। आर्थिक असमानता के चलते देश के 70% लोगों बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता है।

अच्छा भोजन नहीं मिलने के कारण 1.7 करोड़ लोग अलग-अलग तरह की बीमारियों से ग्रसित हो गए। आइए ऐसे ही दस बातों को समझते हैं। ये भी जानने की कोशिश करते हैं कि इसका क्या असर पड़ेगा? इस रिपोर्ट को जारी करने वाली संस्था का क्या इतिहास रहा है?

1. एक फीसदी अमीरों के पास देश की 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति

ओक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की 40.5 प्रतिशत से ज्यादा की संपत्ति है। भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास मौजूदा समय में देश के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा दौलत है। बाकी 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का तीन प्रतिशत हिस्सा है।


आंकड़ों के अनुसार, दो साल में देश के टॉप अरबपतियों की संपत्ति में 121 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अरबपतियों की संपत्ति में हर एक मिनट 2.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हर दिन 3,608 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। देश के सबसे अमीर यानी गौतम अडाणी की संपत्ति में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

3. कोरोनाकाल में 62 फीसदी अरबपति बढ़े

कोरोनाकाल में सिर्फ अमीरों की संपत्ति ही नहीं बढ़ी है, बल्कि अमीरों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच देश में 62.7451% अरबपति बढ़ गए। कोरोनाकाल से पहले यानी 2020 तक देश में 101 अरबपति थे। 2022 में इनकी संख्या 166 पहुंच गई। हेल्थ केयर और फार्मा सेक्टर में सात नए अरबपति शामिल हुए। कुल 32 अरबपति हेल्थ सेक्टर से हैं। 31 अरबपति मैनुफैक्चरिंग सेक्टर से हैं।

निश्चित तौर पर पूंजी की असमानता भारत और विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। आज कई राष्ट्र के पूंजी पतियों का प्रभाव उनकी सरकार से अधिक है। पूरा विश्व पूंजी के इस संकुचन और कुछ ही हाथों में जाने के दुष्प्रभावों पर विचारकर रहा है लेकिन यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

(लेखक काउंसलर और राजनीतिक क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं।)



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत पैक्स गोदाम परिसर में दृष्टि आई हॉस्पिटल के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, डॉ रोहित कुमार मंडल, मो हमजा, आयन अफजली एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश साव ने फीता काटकर किया। शिविर में दर्जनों लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाकर आवश्यकतानुसार उपचार करवाया। शिविर 10 बजे प्रात: से शाम 4 बजे तक चला। जिसमे 45 लोगो ने अपना नेत्र जांच करवाया। जिसमें 18 लोगो को बेहतर उपचार के लिए दृष्टि हॉस्पिटल का दौरा करना होगा। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलता है। कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया है। मौके पर ग्रामीणों में विकास कुमार यादव, सुरेश यादव, अजय कुमार, अनिल पंडित आदि उपस्थित रहे।

## एलपीजी से सुरक्षा को लेकर उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

**बरही।** भारत पेट्रोलियम की ओर से प्रखण्ड के रसोइया धमना पंचायत स्थित विद्यालय में तिरुपति भारत गैस एजेंसी के तत्वावधान में एलपीजी सुरक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास की महिलाएं व उपभोक्ताओं ने भाग लिया। एरिया मैनेजर नितेश कुमार ने कहा कि सिलेंडर से गैस लीकेज होने की आपातकालीन नंबर 1906 पर मोबाइल फोन से सूचना देते ही संबंधित समस्या का निराकरण तत्काल कर देने की बात कही। तिरुपति भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर ने कहा कि रसोई गैस का उपयोग काफी सुलभ है। उपयोग करने वालों को सुरक्षा की गारंटी भी दी जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव के कारण लोग इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। एलपीजी का सुरक्षित उपयोग न करना खतरनाक साबित हो सकता है। मौके पर भारत पेट्रोलियम एरिया मैनेजर नितेश कुमार, मुखिया गोविंद साव, अमरजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## चित्रांश परिवार की मजबूती के लिए की बैठक

**दारू।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद ने शनिवार को दारू बक्शीडीह में भैया सुमित के कार्यालय में चित्रांश परिवार के सदस्यों के साथ एक बैठक की। बैठक में कायस्थ परिवार की एकजुटता और मजबूती पर बल दिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि कायस्थ महासभा की दारू उपसमिति बहुत ही सक्रिय है और यहां के चित्रांश हर बडी गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाते आये है। महिला चित्रांश समिति को गठित कर उन्हें भी एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। यहां के महिला चित्रांश भी काफी सक्रिय रहती है। अध्यक्ष अपनी टीम के साथ शनिवार को सभी चित्रांश के घर जाकर उनसे मिले और एकजुट होने का आह्वाहन किया । इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष भैया संतोष कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा,अनूप कुमार सिन्हा, , भैया कृपानंद प्रसाद,युगल किशोर प्रसाद, राकेश कुमार, भैया सुमित सिन्हा, परवीन सिन्हा, भैया मिलन, रश्मि सिन्हा, पुष्पा सिन्हा मौजूद थे।

## कपूर्री जयंती समारोह 24 जनवरी को

**इचाक।** राष्ट्रीय नाई महासभा के बैनर तले नाई समाज की बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिर बड़ा अखाड़ा इचाक के प्रांगण में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बिशेश्वर ठाकुर ने किया। बैठक में आगामी 24 जनवरी को नया काली मंडा के प्रांगण में जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बिशेश्वर ठाकुर ने कहा कि समारोह का मुख्य अतिथि उपयुक्त नैनसी सहाय होगी। जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर कार्यक्रम की रूप रेखा तय किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष उपाध्यक्ष शंभू ठाकुर, संतोष ठाकुर, सचिव विक्रम ठाकुर, भरत ठाकुर, फिल्म कलाकार धर्मेंद्र ठाकुर, चंदन वैध , अनिल ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

# व्यवसाइयों को धमकी भरा पत्र भेजने के आरोप खूंटी से उग्रवादी पति-पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

### इनपर रांची सहित कई थानों में दर्जनों मामला दर्ज, चौपारण गोली कांड से भी जुड़ा है तार

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार उग्रवादी

**चौपारण।** प्रखंड के पत्रकार एवं ब्यवसाइयों के व्हाट्सएप पर धमकी भरा पत्र भेजने के आरोप में पुलिस ने खूंटी जिले से पति पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार तीनों उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य है। ब्यवसाइयों के नाम किया गया पत्रचार में उक्त तीनों लोगों की संलिप्ता है। जिस मोबाइल नम्बर से ब्यवसाइयों के व्हाट्सएप पर पत्र आया है। वह नम्बर गिरफ्तार छोटी टोपनो पति बीजू मुंडा के नाम से लिया गया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों में बीजू मुंडा पिता जगरनाथ मुंडा 29 वर्ष, छोटी टोपनो पति बीजू मुंडा उम्र 24 वर्ष सांगोर व प्रभुदान कंडुलना पिता थॉमस कंडुलना उम्र 35 वर्ष साकराम चाकी थाना कर्रा जिला खूंटी शामिल हैं। बताते चलें कि चौपारण के विभिन्न व्यवसायियों को व्हाट्सएप के जरिये उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम से धमकी भरा पत्र भेजा गया था। जिसके बाद प्रशासन की त्वरित कार्यवाई के बाद इन्हें हिरासत में लिया गया।

### टीबी के 11 मरीजों को धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने लिया गोद

# मरीजों को दवा के अलावे अन्य सुविधाएं दी जायेगी : राजेन्द्र

खबर मन्त्र संवाददाता


टीबी मरीजों को पोषाहार वितरण करते मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व डॉ प्रकाश ज्ञानी

**बरही।** पंचायत को टीवी मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रखंड के धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पंचायत अंतर्गत 11 टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में सर्वजनिकरूप से किया है।मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि टीबी के मरीजों द्वारा अत्यधिक शराब एवं नशीले पदार्थों के सेवन से बीमारी से ग्रसित हो जाते है। जिसके कारण दिनोदिन उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है और वे बीमारी से प्रभावित हो जाते है।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने गोद लेने वाले मरीजो में द्रौपदी देवी, कलवा देवी, आरती देवी, बिशुन पंडित, वासुदेव सिंह, लक्ष्मी कुमारी, शांति देवी, टिंकू भुइयां, कैलाश भुइयां, निशा कुमारी, विजय मेहता को निक्षय पोषण योजना के लाभ के साथ भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो का एक किग्रा का पैकेट भी दिया गया। वही कुछ टीबी मरीजों ने इलाज से संबंधित अपने अनुभव भी साझा किए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ऐसे मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन हम जैसे सामाजिक कार्यकताओं से टीबी रोगियों का हौंसला बढ़ जाता है, जब उन्हें यह पता लगता है कि परिवार के अलावा भी ऐसे लोग समाज में हैं जो उनकी परवाह करते हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता करते हैं और वह नियमित रूप से दवा खा रहे हैं या नहीं, इस बारे में पूछते हैं।

डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि सरकार निक्षय मित्र बनने का मौका दे रही है। या कहें कोई भी व्यक्ति टीबी रोगी को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण की सेवा लेकर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि बरही के लोग, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लें। इधर पंचमाधव मुखिया नीलम देवी ने 5 मरीजों को गोद लिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस सुमिया देवी, कामेश्वर रविदास, प्रधान लिपिक पंकज आजाद समेत अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## परिवार कल्याण दिवस मनाया गया

**चरही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू के विभिन्न हेल्थ वेलनेस सेंटर में शनिवार को निर्धारित समयानुसार परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू के हेल्थ वेलनेस सेंटर चीचीकला, कजरी, दिगवार, बासाडीह, हेसालोंग सहित विभिन्न हेल्थ वेलनेस सेंटर में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हेल्थ वेलनेस सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन कर गर्भवती, धातृ, किशोरियों आदि महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित के अलावे प्रजनन रोकथाम, प्रसव, स्वास्थ्य सम्बंधित कई समस्याओं को लेकर विस्तृत जानकारी लोगो को दी गई। हेल्थ वेलनेस सेंटर कजरी में सीएचओ अशिशोम जोजो, एएनएम रेखा कुमारी व योग शिक्षक विजय कुमार दास के द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य संबंधी के साथ- व अन्य संबंधित समस्याओं पर सहित कई महिला व किशोरी व महिलाओं को विस्तार पूर्वक से बताया गया।

एक नजर में

## झारखंड के वनरक्षीयों को किया प्रशिक्षित


वनरक्षिओं को प्रशिक्षित करते अधिकारीगण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा द्वारा झारखंड कृषि वानिकी प्रणाली और वाटरशेड के प्रबंधन वनपाल और वनरक्षी प्रशिक्षण विद्यालय हजारीबाग के सहयोग से छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार के 72 वनरक्षीयों को मृदा एवं जल संरक्षण, पौध प्रवर्धन, नर्सरी प्रबंधन, पशुपालन, कृषि-वानिकी, सामाजिक वानिकी के विभिन्न पहलुओं एवं प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी, डॉ. विशाल नाथ ने प्रशिक्षु को पौध प्रवर्धन तकनीक एवं नर्सरी प्रबंधन के विभिन्न तकनिकियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि फलदार वृक्ष के साथ सामाजिक वानिकी को बढ़ावा देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आजीविका सुरक्षा दोनों में काफी मदद मिलेगी। प्रशिक्षण के समन्वयक वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने मृदा एवं जल संरक्षण, जलछाजन प्रबंधन, प्राकृतिक खेती के विभिन्न तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने वाटरशेड मोड में वनों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने को कहा ताकि मिट्टी और पानी का संरक्षण किया जा सके और ग्रामीण लोगों की आजीविका में वृद्धि हो सके सह-समन्वयक डॉ मनोज चौधरी और डॉ कृष्ण प्रकाश ने क्रमशः कृषि वानिकी, नर्सरी प्रबंधन, बागवानी फसलों और ऊतक प्रबंधन तकनीक के बारे में बताया।

संस्थान के विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों ने आधुनिक तकनीकी के बारे मे विस्तृत रूप से तकनीकी ज्ञान प्रदान किया। डॉ. सनत कुमार महंता ने पशुपालन, डॉ. प्रिया रंजन ने बीज और उसके संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। डॉ. बी मंडल ने गणितीय विश्लेषण के बारे में जानकारी दिया। डॉ. मोनू कुमार और अनिमा महतो ने विभिन्न कृषि फसलों और उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

## जय विविधता प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन


प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो में जय विविधता प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जन जागरण केंद्र के परियोजना प्रबंधक हीरालाल कुमार महतो व ट्रेनर प्रदीप सिंह व पंचायतों के मुखिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोगों को जैव विविधता को लेकर शुरूआत में कई बातों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाबत बताया गया कि सरकार द्वारा दी जा रही योजनाएं को लें, साथ ही पंचायतों को सशक्त करना व पंचायत निधि को मिलने वाले विभिन्न क्षेत्रों के टैक्स का निर्धारण पर विशेष जानकारी दी गई।

बताया गया कि वनोत्पाद वस्तुए जैसे महुआ, केंदु पत्ता व फल, लकड़ी,बालू, पत्थर, इट आदि वस्तु पर पंचायत के बगैर अनुमति वो टैक्स निर्धारण के बाद ही ले जाया जा सकता है। बकसपुरा, बनासो, चानो, के मुखिया व बीएमसी के सदस्य व सचिव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव व संयुक्त सचिव ने

# एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का दौरा किया


महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं कई अन्य पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव आलोक कुमार एवं संयुक्त सचिव पियूष सिंह ने दौरा किया। इस दौरे में सबसे पहले दोनों अधिकारियों ने बानादाग रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया जहां से देशभर के थर्मल पावर प्लांट में कोयला सप्लाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से बातचीत कर आगे की प्लान को जाना। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करना होगा। बानादाग रेलवे साइडिंग का निरीक्षण करने के बाद वे दोनों कोल माइंस पहुंचे जहां उन्होंने झारखंड के साथ-साथ देश का नाम रोशन करने वाली महिला डंपर ड्राइवरों से मुलाकात की और उनके कार्यों के बारे में जाना। ऊर्जा सचिव ने महिला डंपर ड्राइवरों के बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सब समाज के लिए एक उदाहरण हैं। डंपर ड्राइवरों से मुलाकात के बाद दोनों अधिकारियों ने माइंस का भी निरीक्षण किया और उसकी विभिन्न बारीकियों को बखूबी समझा। निरीक्षण कार्य संपन्न करने के बाद वे एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ऑफिस सिकरी पहुंचे जहां उन्होंने एनटीपीसी के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण कर परिसर का जायजा लिया।

### राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन सौंदा डी शाखा सम्मेलन संपन्न

# नेता नहीं भाई बनकर मजदूरों की समस्याओं का करें समाधान : देवेन्द्र

### कमेटी का हुआ गठन, सदस्यता अभियान व संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

खबर मन्त्र संवाददाता


सम्मेलन में मौजूद यूनियन के लोग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी स्थित यूनियन कार्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन सौंदा डी शाखा का सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह व संचालन प्रवीर चटर्जी ने किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बरका-सयाल क्षेत्रीय देवेन्द्र कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य विमल बिहारी श्रीवास्तव मौजूद थें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही यूनियन की रीढ़ होते हैं।

उन्होंने कहा कि यूनियन मजदूरों के हक-अधिकार को ले सदैव लड़ाई लड़ी है यह आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने सदस्यता अभियान चलाने व संगठन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूरों का कार्य नेता नहीं भाई बनकर कराने की बात कही। मौके पर सर्वसम्मति से सौंदा डी शाखा कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष धर्मदेव यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, सहायक उपाध्यक्ष प्रवीर चटर्जी, सचिव अशोक कुमार गुप्ता, सह सचिव अलीमाम राय व आदर्श कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अगापीत टेटे सहित कार्यकारिणी सदस्यो में बिन्दू देवी, रूचम बेदिया, रंजीत, फागुनी देवी, जुलेश्वर महतो, झिमकू हरिजन आदि चुने गये। चुने गये पदाधिकारियों का माला पहनाकर यूनियन नेताओं ने स्वागत किया। मौके पर शशि भूषण सिंह, मो. एहतेसाम अहमद, तारा प्रसाद, वशिष्ट मुनी विश्वकर्मा, इस्लाम अंसारी, संजय सिंह, संजय राय, नीरज कुमार, अब्बास मियां आदि मौजूद थें।

## व्यवसायी पर जबरन जमीन पर कब्जे का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग।** जिले में हर दिन जमीन कब्जाने की खबर आते रहती है। ऐसा ही एक मामला कटकमदाग में आया है जहां शेखर सिन्हा, रविभूषण प्रसाद वगैरह ने शहर के जाने माने व्यवसायी सुनील यादव पर उन सभी लोगो की जमीन कब्जाने की बात कही है।

इस मामले में उन्होंने न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी सदर हजारीबाग द्वारा जारी समन्न दिनांक ११/०१/२०२३ का जिक्र करते हुए कहा कि खाता संख्या १५, प्लाट नंबर १७६८, एक एकड़ ६ डिसमिल जमीन के मामले में द्वितीय पक्ष सुनील यादव से कारण प्रीक्षा दाखिल करने का आदेश दिया गया था।

## धर्मपुर में शनिवार बाजार का किया गया उद्घाटन


मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** धर्मपुर गांव के शिव मंदिर परिसर में साप्ताहिक शनिवार बाजार लगाने का उद्घाटन टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा, जीप सदस्य रामप्रसाद प्रमुख संतोष मंडल, धर्मपुर पंचायत की मुखिया कांति देवी, डूमर मुखिया ममता देवी टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, डहरभंगा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, भराजो मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, डूमर मुखिया ममता देवी कैलाश पति सिंह सुरेंद्र प्रसाद संग कई सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, समाज सेवीयो के हाथों सामूहिक रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का सुरुआत किया गया। मंच संचालन राजू यादव ने किया। पुरोहित सुखदेव पांडेय, सोनू पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा अर्चना नारियल तोड़ रिबन काट कर शनिवार बाजार का उद्घाटन किया गया। बाद में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने बारी बारी से अपने संबोधन में कहा शनिवार बाजार लगने से अब जेरुआ डीह, डूमर, मुक्तिदुधमनिया, डुंगो, खरिका, बेरहो,मंडपा हरदिया, पनिमाको, बांडीह, खम्भवा, अमनारी, कोल्हू, मायापुर, बेडम, सिझु, चुरचू समेत अन्य पडोशी गांव के लोगो को अब साग सब्जी, बकरा बकरी मुर्गा मुर्गी राशन श्रृंगार सामग्रीयो की खरीद बिक्री के लिये मुश्किलों सामना नही करना पड़ेगा। प्रमुख ने बाजार समिति के सदस्यों को इस अनोखा पहल के लिये धन्यवाद दिया।वही बीडीओ ने समिति सदस्यों और ग्रामीणों को शनिवार बाजार परिसर में शेड देने का आश्वासन दिया। मौके पर जोधी यादव, धर्मपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, छक्कन यादव, लक्ष्मण प्रसाद, सुनील साहू, संतोष कुमार, बब्लू कुमार, हरिनाथ यादव, मुकेश साव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ उपचुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कोषांगवार वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों से उपचुनाव के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने कार्मिक कोषांग सहित अन्य कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने कार्मिक कोषांग के पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले दंडाधिकारियों/कर्मियों का डेटाबेस तैयार करने, प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों, प्रशिक्षण स्थल व प्रशिक्षण संबंधित तैयारियां करने, वाहन कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यकता अनुसार वाहनों का आकलन करते हुए उपचुनाव के दौरान उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यो को लेकर सुश्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शहरी क्षेत्र के युवाओं/दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों पर विशेष ध्यान देते हुए उनका वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन करने व प्रचार प्रसार हेतु विस्तृत योजना बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य अधिकारियों के साथ उपचुनाव के मद्देनजर माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, चेक पोस्ट, एफएसटी, एसएसटी टीम आदि के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त उत्पाद को उपचुनाव के मद्देनजर चेक पोस्ट सहित अन्य क्षेत्रों में औचक जांच अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने एवं मतदान के दिन उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शैडो एरिया, रूट चार्ट, संवेदनशील मतदान केंद्रों, मॉडल बूथ, पिंक बूथ सहित अन्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उपचुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, वरीय पदाधिकारी जिला निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों/ प्रभारी पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गणतंत्र दिवस को लेकर परेड शुरू



लोहरदगा ।जिले में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेजर सुरेश कुमार ओझा एवं सर्जेंट पप्पू विश्वकर्मा के नेतृत्व में बी एस कॉलेज मैदान में परेड रिहर्सल किया गया। परेड में जिला पुलिस ससस्त्र बल पुरुष गणेश कुमार यादव, जिला पुलिस ससस्त्र बल महिला सावित्री कच्छप, जिला होमगार्ड संतोष कुमार, जिला सहायक पुलिस बल पुरुष टीनू साव, जिला सहायक पुलिस बल महिला मनीषा कुमारी, एनसीसी बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा रादीफा हिना, नवोदय विद्यालय जोगना बालक सूरज उरांव, नवोदय विद्यालय जोगना बालिका स्वाति सुमन लकड़ा, एनसीसी प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा सरोज उरांव शामिल हुए।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**लोहरदगा ।**शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती द्वारा प्रायोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा में 378 भैया और 165 बहन समेत कुल 543 परीक्षार्थी शामिल हुए। यह परीक्षा अत्यंत व्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। विद्या भारती के चार आयाम में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके अंतर्गत पूरे देश के शिशु विद्या मंदिरों एवं उनसे संबद्ध समाज के अन्य विद्यालयों मैं भी इस परीक्षा का आयोजन होता है। साथ ही समाज के इच्छुक अन्य प्रबुद्ध वर्ग भी संस्कृति ज्ञान की पुस्तिका पढ़कर इसकी परीक्षा देते हैं। इस प्रकार समाज में सांस्कृतिक चेतना का व्यापक जागरण होता है।

### किस्को और कुडू पुस्तकालय खुला



लोहरदगा। जिला अंतर्गत एससीए मद से किस्को और कुडू प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांवऔर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा किया गया ।किस्को और कुडू दोनों पुस्तकालयों में एक बार में अधिकतम 50-50 लोगों के बैठने की क्षमता है। इन पुस्तकालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, दैनिक समाचार-पत्रों आदि के अध्ययन की सुविधा दी जा रही है। किस्को प्रखण्ड में यह पुस्तकालय जिला परिषद भवन में संचालित किया जा रहा है जबकि कुडू प्रखण्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में पुस्तकालय का संचालन हो रहा है ।मौके पर मंत्री श्री उरांव ने युवाओं से पुस्तकालय का लाभ उठाने की अपील।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### लापता युवक का शव कुआं से बरामद

लोहरदगा। सदर प्रखंड के कुटमु अंबाचौरा में लापता युवक का शव एक कुंआ से बरामद किया गया। शव देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या कर सबूत मिटाने के लिए पत्थर बांधकर शव को कुआं में डाल दिया गया था। 11 जनवरी के रात से लापता था। मृतक युवक की पहचान जोरी पंचायत मुखिया राजू उरांव के चचेरे भाई अजय उरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि परिजनों ने जमीन विवाद में हत्या को ले प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है, जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी होगी।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से

**किस्को।** किस्को प्रखंड पाखर पंचायत के तिसिया ग्राम में आज रविवार से विशाल श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आरंभ होगा। आयोजन की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। गौरतलब हो कि सितंबर में इस भव्य महायज्ञ का ध्वजारोपण होने के बाद अब 22 जनवरी को कलश यात्रा के साथ यह महायज्ञ प्रारंभ हो रहा है। यज्ञ के कर्ता एवं श्रीमद् भागवत वक्ता पूज्य सदानंद रामानुज जी महाराज हैं ।जिन के सानिध्य में समस्त ग्रामवासी मिल करके यह महायज्ञ का आयोजन करवा रहे हैं। यज्ञ में एक दिलचस्प बात यह भी है कि पिछले 45 दिनों से इस यज्ञ में पूज्य सदानंद महाराज एवं समस्त ग्रामवासी मिलकर के राम कथा एवं भजन कीर्तन कर रहे हैं। वही इस यज्ञ को पूर्ण करने के लिए महिलाओं में बहुत ही ज्यादा उत्साह दिख रहा है यज्ञ के लगभग 80 फीसदी राशि महिलाओं द्वारा जमा किया गया है और अब उन सभी ग्राम वासियों का सपना साकार होने जा रहा है।

### उर्जा मेला में 57 आवेदन मिले

**गुमला।** झारखंड उर्जा विकास निगम लिमिटेड रांची के निर्देशानुसार शनिवार को विद्युत विभाग गुमला के द्वारा पटेल चौक पर उर्जा मेला का आयोजन किया गया। मेला में सरकार द्वारा दी जा रही सौ यूनिट मुफ्त बिजली हेतु मीटर लगाने, नया विद्युत कनेक्शन, भार बढ़ाने संबंधी समस्या, बिजली बिल सुधार, बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत, ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत, लो वोल्टेज की समस्या, पोल व तार की आवश्यकता एवं बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर लोगों ने आवेदन दिया। शिविर में विभिन्न मामलों के कूल 57 आवेदन मिले।

# लोहदगा जिला को शिक्षा का हब बनायेंगे : धीरज साहू

**▸▸ उच्च विद्यालय बगडू जामुन टोली का स्थापना दिवस मना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के उच्च विद्यायल बगडु जामुन टोली का 39वा स्थापना दिवस विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया । इस समारोह में मुख्य अतिथि वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एव राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षकों को छात्रों को बेहतर शिक्षा देने की जरूरत है वर्तमान समय में छात्र को एक बेहतर शिक्षा दें उनके उज्जवल भविष्य की। अपने जीवन में सबसे पहली प्राथमिकता शिक्षा को देने की जरूरत है। आज शिक्षक संस्था का 39वा स्थापना दिवस मनाई जा रही है निश्चित तौर पर कहीं न कहीं इस 39 साल में शिक्षा का स्तर इस ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ी है और आने वाले समय में भी और भी बढ़ेगी । साथी मेरे द्वारा जो भी शिक्षक संस्थान को सहायता की जरूरत हो चाहे मदद की जरूरत है हम हमेशा शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सदा खड़े हैं ।

राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हमारी एक ही सोच शिक्षा और खेल का आगे बढ़ाना लोहरदगा क्षेत्र को खेल की नगरी एवं शिक्षा की नगरी से जाने। यही पहचान दिलाना ही हमारी सोच है और इस सोच पर हम सदा खड़े रहने के काम करेंगे। इस मौके और मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव , विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव , कार्यकारी हाजी सकील अहमद,जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता,20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग समेत कई लोग मौजूद थे।

# कानून को अपने हाथ में नहीं लें ग्रामीण : एसपी

**बार्डर के गांवों में शांति बहाली को लेकर गुमला व छत्तीसगढ़ पुलिस ने की ग्रामीणों से संयुक्त बैठक गांवों में उत्पन्न तनाव को खत्म करने का किया गया प्रयास**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी (गुमला)।** झारखंड व छतीसगढ़ के बार्डर पर स्थित जारी प्रखंड के तिगरा गांव में अमन चैन व शांति बहाली को लेकर शनिवार को अंतरराज्यीय पुलिस पब्लिक बैठक हुई। बैठक में गुमला एसपी ऐहतेशाम वकारिव व जशपुर एसपी डॉक्टर डी रविशंकर शामिल हुए। बैठक में झारखंड व छत्तीसगढ़ के बार्डर के गांवों के ग्रामीण में शामिल हुए। गुमला एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि बार्डर इलाके के लोग आपसी सौहार्द्र के साथ रहें। कोई भी गलत घटना हो रही है तो उसकी शिकायत पुलिस से करें। पुलिस तत्काल उसपर कार्रवाई करेगी। कानून को किसी भी परिस्थिति में लोग अपने हाथ में न लें अन्यथा पुलिस कार्रवाई के लिए बाध्य होगी। ग्रामीण प्रशासन पर पूर्ण भरोसा करें। यदि आपको किसी तरह की कोई परेशानी होती है तो 100 नंबर पर डायल करें। पुलिस आपकी हर समस्या का समाधान करेगी। बॉर्डर इलाके में आप लोगों के सहयोग से ही शांति व्यवस्था ठीक-ठाक रहेगी। मैं आप लोगों से अपील करता हूं की आपसी में भाईचारगी बनाए रखें और हर सुख दुख के साथ बने। जशपुर एसपी डॉक्टर डी रविशंकर ने कहा कि ग्रामीण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि आपके बच्चे आपसी मतभेद से कोसों दूर रहें। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने किसी के साथ मतभेद नहीं किया तो आप लोग एक दूसरे गांव के ग्रामीणों के साथ मतभेद क्यों करते हैं।

आपसी भाईचारे के साथ रहे और सभी कोई मिलजुल कर रहे। गलत करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कानून के लोग हैं। आप कानून पर भरोसा करें कानून आपकी हर संभव मदद करेगी। यदि आप लोगों को किसी प्रकार की कोई शिकायत हो तो छत्तीसगढ़ वाले मेरे ऑफिस में समस्या लेकर आ सकते हैं। वहीं झारखंड के लोग गुमला एसपी कार्यालय में जाकर अपना समस्या बताए। समस्या का समाधान जल्द होगा। यह भरोसा मैं आप लोगों को दिलाता हूं। वही कार्यक्रम के दौरान जसपुर के एसपी ने एक 10 वर्षीय बच्ची सुचिता लकड़ा से 1 से लेकर 10 तक की पहाड़ा भी सुनी। पहाड़ा सुनने के बाद दोनों एसपी के द्वारा बच्ची को कुछ राशि सहित गिफ्ट भी दिया गया। जिसके बाद दोनों एसपी की गुजारिश के बाद उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई व गल्ले मिले। वहीं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खिलाड़ियों के बीच जर्सी, फुटबॉल का वितरण किया गया व बुजुर्गों के बीच भी कंबल व कपड़ों का वितरण किया गया।

### गुमला में मशीन से बनेगा रागी का आटा और नूडल्स



**गुमला।** बाजार समिति गुमला में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित रागी प्रोसेसिंग यूनिट का शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव के उदघाटन किया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने मशीनों का जायजा लिया। रागी प्रोसेसिंग के क्रम में रागी के छिलके साफ करने की मशीन , रागी आटा चक्की एवं रागी नूडल्स बनाने की मशीन का अधिष्ठापन गया है। जिसका संचालन आरंभ हो गया। जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियां द्वारा ही रागी प्रसंस्करण पूरा कार्य किया जाएगा। महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सखी मंडल की महिलाओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी महिलाओं के बीच अलग अलग कार्य बांटा गया है ।प्रोसेसिंग मशीन चलाने से लेकर पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया में महिलाओं का पूर्ण योगदान रहेगा। उपायुक्त ने सभी महिलाओं को मशीन संचालन से लेकर पैकेजिंग एवं अन्य पहलों पर 7 दिनों की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि रागी प्रोसेसिंग न केवल गुमला बल्कि पूरे राज्य भर के लिए बेहतरीन परियोजना के रूप में कारगार साबित होगी । उन्होंने कहा कि इस वर्ष की रागी का उत्पादन गुमला वसियों के उपयोग के लिए होगी। अगले वर्ष से पूरे झारखंड वासियों के लिए गुमला जिले से रागी के आटे एवं रागी से बने अन्य वस्तुओं का निर्यात किया जाएगा। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस को रागी से बने उत्पादों की बिक्री के लिए जिले के मुख्य स्थानों में दुकान लगाने का निर्देश दिया। तेलंगा खड़िया स्टेडियम के पास की दुकानों में से एक दुकान रागी के सामग्रियों के लिए खोलने हेतु उपायुक्त ने निर्देशित किया।

### कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी आज होंगे रवाना

**लोहरदगा।** जिला कराटे संघ के 4 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए रविवार को रामगढ़ रवाना होंगे। ज्ञात हो कि स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड जो झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है । इनके द्वारा रामगढ़ में राज्य स्तरीय सीनियर एवं अंडर-21 कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिला कराटे संघ के खिलाड़ी अनमोल साहू ऐश्वर्या साहू सानिया परवीन एवं सुमंती कुमारी का चयन लोहरदगा जिला कराटे संघ के द्वारा किया गया है। यह सभी कराटे कार कल सुबह रामगढ़ के लिए रवाना होंगे ज्ञात हो कि जो एक ऑफिशियल टूर्नामेंट है।

# महिलाओं को पार्टी से जोड़ें: बंधु तिर्की

**नौ फरवरी से हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा को सफल बनाये महिला मोर्चा : गुंजन सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**महिला मोर्चा के सदस्यों के साथ बंधु तिर्की और गुंजन सिंह।**

गुमला। महिला कांग्रेस की बैठक अध्यक्ष अमृता भगत की अध्यक्षता में शनिवार को स्थानीय परिसदन में हुई। बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह व कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए।

मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि आप महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिलाओ को पार्टी से जोड़ें। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को सभी को बताएं। महिलाएं समाज को कुशल नेतृत्व दे सकते हैं। सभी महिला मोर्चा लोगों के समस्या के दिशा में जायें और समस्या का निदान करेंगे तभी आप मजबूत होंगे और कांग्रेस पार्टी भी मजबूत होगी। केंद्र सरकार द्वारा बढ़ती महंगाई को आम जनता तक ले जाएं। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को एवं झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी लाभकारी योजनाओं को महिलाओं को बताना है। तभी महिला मोर्चा सशक्तिकरण होगा।

प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि 9 फरवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू होने वाली है। उसमें सभी महिला मोर्चा बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

आप सभी महिला ईमानदारी से काम करें गुमला जिला में आने वाला समय श्री चैतु जी के दिशा निर्देश में महिला मोर्चा का विशाल रूप देखने को मिलेगा। आज आप इस कार्यकारिणी बैठक में सभी महिला मोर्चा संकल्प लेकर जाएं। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज की बैठक में आप सभी महिलाओं की उपस्थिति दर्ज हुई है। महिला मोर्चा संगठन को इतना मजबूत करना है कि आने वाला 2024 लोक सभा चुनाव हम जीत पाएं। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह ,सीता देवी, सुनीता देवी, शांति उरांव, जसिंता बागे, यशोदा देवी, मणि देवी, रोजालिया कुजुर, शांति लोरेन क्रेरकेटा, अनबेला कुजूर, रोशनी ग्रेस ,ज्योति टोपो, और काफी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी करें : बंधु

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों की एक आवश्यक बैठक लोहरदगा परिसदन भवन में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह लोहरदगा जिला के प्रभारी बंधु तिर्की एवं स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। इनके अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जिला प्रभारी आशिक अंसारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी बेलस तिर्की, एवं प्रदेश सचिव जगदीप भगत भी उपस्थित हुए। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा 2024 को हम सभी कांग्रेसी चुनौती के रूप में लेंगे और देश में जो ऐतिहासिक बदलाव होगा उसमें एक एक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# साइकिल रेस में लोहरदगा का दबदबा

**राज्यस्तरीय एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन कई प्रतियोगिता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल था। आयोजन समिति के सभी लोग आयोजन को सफल बनाने में कड़ी मेहनत कर रहे थे।

दूसरे दिन के खेल में 100 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम मुकेश कुमार रांची, द्वितीय मुकेश कुमार रांची, तृतीय श्रीतन कुमार वर्मा रामगढ़, 100 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम रवंति कुमारी लोहरदगा, द्वितीय सरिता कुमारी रांची, तृतीय उर्मिला कुमारी रांची, 100 मी रेस जूनियर बालिका में प्रथम शांति कुमारी कामडारा, द्वितीय प्रतिभा सांडी मुर्मू कामडारा, तृतीय अंजलि कुमारी रांची, 600 मी रेस जूनियर बालिका में प्रथम सुरजी कुमारी गुमला, द्वितीय वर्षा कुमारी खलारी, तृतीय नेहा कुमारी रांची, 800 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम चांदमुनी उरांव खरका, द्वितीय सरिया एक्का नवाटांड, तृतीय पूर्णिया कुमारी गुमला, 1000 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम चांदमुनी उरांव खरका, द्वितीय पूजा कुमारी लोहरदगा, तृतीय नीता कुमारी नवाटांड,1000 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम प्रदीप कुमार खलारी, द्वितीय विक्रम कुमार महतो रांची, प्रिंस उरांव गुमला, 1500 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम सरोज महतो रामगढ़, द्वितीय विज्ञान पन्ना गुमला, सुजीत सरकार रांची, 1500 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम प्रमिला तिग्गा नवाटांड, द्वितीय अंजू कुमारी रांची, अनिता कुमारी लोहरदगा लॉन्ग जम्प महिला प्रथम उर्मिला कुमारी रांची, द्वितीय सरिता कुमारी रांची, निशा कुमारी नवाटांड, 10 किलोमीटर साइकिल रेस महिला प्रथम नीमा उरांव खरका, द्वितीय अंकिता कुमारी रांची, तृतीय नेहा टोप्पो लोहरदगा, 24 किलोमीटर साइकिल रेस पुरुष प्रथम सोमा उरांव लोहरदगा, द्वितीय रामविलास पासवान लोहरदगा, तृतीय शिवकुमार साहू लोहरदगा, जेवलिन थ्रो बालक में प्रथम मनोज टोप्पो रांची, द्वितीय धीरज कुमार गुप्ता गिरिडीह, तृतीय प्रदीप कुमार महतो पलामू रहे।

## एक नजर में

### घाघरा में झंडातोलन का समय निर्धारित



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में 26 जनवरी को झंडोत्तोलन के समय सारणी को लेकर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने शनिवार को बैठक की । बैठक में प्रखंड मुख्यालय में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय घाघरा में प्रातः 8:00 बजे, पशुपालन कार्यालय घाघरा में 8:25 बजे, पंचायत सचिवालय भवन घाघरा में 8:30 बजे, घाघरा थाना में 8:45 बजे, स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में 8:55, उच्च विद्यालय घाघरा में 9:10 बजे, लॉर्ड बुद्धा इंटर कॉलेज घाघरा में 9:20, शहीद देवनारायण भगत चांदनी चौक प्रतिमा स्थल पर 9:30, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय घाघरा में 9:40, मध्य विद्यालय घाघरा में 9:45, टाना भगत इंटर कॉलेज घागरा में 10:00 बजे व कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय घाघरा में 10:30 बजे झंडोत्तोलन की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में प्रमुख सविता देवी, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, टाना भगत इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरशद मोमिन,सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस महिला उपाध्यक्ष हेमवती का इस्तीफा

गुमला। कांग्रेस महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जिला अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर पद मुक्त होने की बात कही है। हेमवाती लकड़ा ने कहा कि महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर रहतजे हुए अपने दायित्वों को बखूबी निर्वहन कर रही थी। एक जनवरी को मेरे घर में चोरी की बड़ी घटना हुई। जिसे मेरा पूरा परिवार हताहत है। इस समय मानसिक दबाव में हूं। पार्टी के कुछ कार्यकर्ता गलत प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जिसे मेरा परिवार दुखी है। दुष्प्रचार करने से पूर्व पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस से जानकारी ले लेनी चाहिए थी। ऐसे लोगों के खिलाफ कानून सलाह लेकर कानूनी कार्रवाई कर सकती हूं। मेरे घर में घटी घटना के बाद पार्टी के किसी नेता ने कोई सुध नहीं ली। जिस कारण में अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। मैं हमेशा कांग्रेस का सच्चा सिपाही बनी रहूंगी।

### युवा अनुशासन में रहकर खेल को खेलें: बीडीओ



घाघरा। न्यू स्टार क्लब घाघरा द्वारा शहीद देवनारायण भगत मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम चांदनी चौक स्थित शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। साथ ही रन्हे स्टेडियम में शहीद देवनारायण भगत फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट की शुरूआत शहीद देवनारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । उदघाटन मैच तिर्की ब्रदर्स बनारी बनाम लकड़ा ब्रदर्स शिवराजपुर के बीच खेला गया। जिसमें ट्राई ब्रेकर में लकड़ा ब्रदर्स शिवराजपुर की टीम ने 4 गोल से जीत हासिल की। प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा की आप युवा अनुशासन में रहकर खेल को खेलें और बेहतर कर खुद को एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में स्थापित करें। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, प्रखंड प्रमुख सविता देवी , जिप सदस्य मानती उरांव, शहीद की माँ नीलू भगत, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा ,शिक्षक विजय कुमार साहू, मनोज साहू झारखंड नेटबॉल के जॉइंट सेक्रेटरी भूपेंद्रनाथ राम, अमित सोनी सहित कई खिलाड़ी खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत


सिसई। नगर लालमाटी गांव में ट्रैक्टर पलटने से कंरज थाना क्षेत्र के जोरिया गांव निवासी 50 वर्षीय ट्रैक्टर चालक गंदुर भगत की मौत हो गई। मृतक चालक लालमाटी गांव निवासी जगरनाथ भगत के ट्रैक्टर में ड्राइवर का कार्य करता था। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में पत्थर लोड उसे गिराने जा रहा था कि अचानक इंजन सहित ट्रैक्टर पलट गया। चालक गंदुर भगत ट्रैक्टर में दब गया जिसे उसकी मौत हो गई।

### उपायुक्त ने किया रागी मशीन का उदघाटन



डुमरी। डुमरी में नये मॉडल थाना भवन का उदघाटन सांसद सुदर्शन भगत एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत डुमरी पुलिस ने पुष्प गुच्छा देकर किया। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा की डुमरी की आम जनता इस नये थाना भवन को लेकर काफी समय से प्रयासरत थी। आज उनकी आकांक्षा पूरी हो गई है। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन को आम जनता से बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करने की बातें कहीं और कहा की यहां के ग्रामवासी मॉडल थाना हेतु अपनी जमीन देकर इस भवन को बनाने में बहुत सहयोग प्रदान किए हैं। इसीलिए पुलिस प्रशासन इनसे परस्पर संबंध बनाकर क्षेत्र में अमन शांति के साथ विकास का बेहतर कार्य करें। वहीं एसपी डॉ ऐहतेशाम वकारीब ने कहा की थाना आप ग्रामीणों के लिए है। यहां पर आनेवाले फरियादियों व ग्रामीणों को थाना में सम्मान पूर्वक बैठाकर उनकी समस्या सुनी जाएगी। आपने अपने अथक प्रयास से इस मॉडल थाना को बनने में सहयोग दिया है। निश्चित ही पुलिस प्रशासन से आप सभी को सहायता मिलेगी। मौके पर सब्जिलाल साहु, जगरनाथ प्रसाद, मुरली मनोहर सिंह, विजय केशरी, सलीम खान, वाज खान, मकबूल आलम, संजय साहू, प्रमोद साहू, अवधेश प्रताप शाही, जवाहर कवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अहीर रेजिमेंट को ले डीसी को सौंपा ज्ञापन



**गुमला।** अहीर रेजिमेंट और जातीय जनगणना की मांग को लेकर शनिवार को अहीर यादव उत्थान समिति गुमला के द्वारा प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन शनिवार को उपायुक्त को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व अहीर यादव जाति के सदस्यों ने धरना भी दिया। इस अवसर पर जिला युवा अध्यक्ष अशोक यादव, यादव महासभा के प्रदेश सचिव शिवदयाल गोप, गुमला नगर अध्यक्ष संतोष यादव, गुमला जिला के मीडिया प्रभारी चंदन गोप, हमारे पालकोट प्रखंड के प्रखंड सचिव अर्जुन ग्वाला जी, बड़े भाई गोपाल यादव जी, रविंद्र यादव जी भरनो से,सुदर्शन गोप घाघरा प्रखंड अध्यक्ष, नागेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

### महिनाथ रौतिया के परिजनों से मिले सांसद



चैनपुर। जमीन माफियाओं के द्वारा जमीन हड़प लिये जाने के बाद सदमे में चैनपुर निवासी महिनाथ रौतिया की मौत हो गई थी। शनिवार को सांसद सुदर्शन भगत मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें अश्वस्त किया कि भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर वे प्रशासन से मिलेंगे। सांसद ने कहा कि मृतक के परिजनों को उनकी भूमि हर हाल में वापस दिलाया जाएगा। सांसद ने कहा कि चैनपुर प्रखंड में भू माफिया रौतिया समाज के जमीन को साफ्ट टारगेट बनाकर हड़प रहे हैं। जिसे रौतिया समाज के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने रौतिया समाज के लोगों से उनकी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं लूटने देने की बात कही।

स्पीड न्यूज



## गोलमुरी पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास शुरू

**जमशेदपुर।** गणतंत्र दिवस पर गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को लेकर परेड पूर्वाभ्यास आज से गोलमुरी पुलिस लाईन मैदान में शुरू हुआ। पूर्वाभ्यास में अर्द्ध सैनिक एवं पुलिस बल की 6 टुकड़ियां शामिल हुई जिसमें 1 टुकड़ी जैप-6, 2 टुकड़ी जिला पुलिस बल, 1 टुकड़ी सहायक पुलिस तथा 1-1 टुकड़ी बालक/ बालिका एनसीसी शामिल थे। 21 और 22 जनवरी का परेड पूर्वाभ्यास पुलिस लाईन में वहीं 23 और 24 जनवरी को गोपाल मैदान में परेड का पूर्वाभ्यास किया जाएगा । सार्जेंट मेजर धर्मेंद्र राम और रंजीत कुमार के निर्देशन में परेड पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। 24 जनवरी को ही परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल गोपाल मैदान में किया जाएगा जिसका निरीक्षण उपायुक्त एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## 24 को डीसी ऑफिस पर महाधरना देंगे प्रतिनिधि : बारी मुर्मू

**जमशेदपुर।** शनिवार को जिला परिषद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को संविधान द्वारा प्रदत शक्तियों के जिला प्रशासन द्वारा हनन को लेकर उनके अधिकारों दिलाने हेतु आगामी 24 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में सुबह 10 :00 बजे से एक महाधरना का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे राज्य के जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीते हुए पंचायत प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बारी मुर्मू ने कहा कि ये लड़ाई उनकी व्यक्तिगत नही है यह लड़ाई पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार की लड़ाई है जिसे हर हाल में लड़ना होगा। जिले में गांव का विकाश रुका हुआ है, योजनाएं धरातल में नही दिख रहा है। अफसर साही हावी है। प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौप कर हमारी मांगों पर सहानभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया जायेगा। अगर इसमें विचार नहीं किया जाता है तो आगे आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी। उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने कहा हर हाल में पंचायत प्रतिनिधियों के मान सम्मान की रक्षा की जाएगी। प्रेस वार्ता में जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य कविता परमार, परितोष सिंह, देवयानी मुर्मू, कुसुम पूर्ति, खगेन महतो, सूरज मंडल, पूर्णिमा मल्लिक, गीतांजलि महतो थे।

## बूथ के मतदाताओं के साथ कार्यकर्ताओं के डाटा जुटायेगी भाजपा

**जमशेदपुर।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने बूथ स्तर पर डाटा प्रबंधन की रणनीति तैयार की है। शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में डाटा प्रबंधन के गुर सिखाने हेतु मंडल अध्यक्ष एवं मंडल की ओर से गठित समिति की एकदिवसीय कार्यशाला आशीष किशोर संघ सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान डाटा प्रबंधन के भाजपा झारखंड प्रदेश के सह-संयोजक अजय राय समेत महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी बूथ के मतदाताओं के साथ मोदी सरकार की योजनाओं के कुशलतापूर्वक डाटा प्रबंधन की जानकारी दी गयी। कार्यशाला के दौरान विडीयो के जरिये कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में डिजिटल रूप से कार्यकताओं को एकसूत्र में बांधने के लिए सरल एप के उपयोग से डाटा प्रबंधन की जानकारी दी गयी। पार्टी ने डाटा प्रबंधन की व्यापक सफलता को लेकर जिला स्तर एवं मंडल स्तर पर समिति का गठन किया है। इस अवसर पर डाटा प्रबंधन के झारखंड प्रदेश सह-संयोजक अजय राय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग के मामले में सबसे अग्रणी पार्टी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में डिजिटल क्रांति आई है।

# आसछे मकर दु दिन सबुर कर, तुईं पीठा मुढ़ी जोगाड़ कर...

- गोपाल मैदान में लगा भव्य टुसू मेला, गगनचुबी चौड़ल के बीच खूब हुआ नाच-गान
- अपनी मेला संस्कृति को बनाये रखें झारखंडी युवा : विद्युतवरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंडवासी एकता मंच की ओर से आज बिष्टुपुर गोपाल मैदान में भव्य टुसु मेला का आयोजन किया गया, जिसमें संभवतः दो से ढाई लाख लोगों ने शिरकत की. मेला में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा उड़ीसा व पश्चिम बंगाल के करीब 170 टुसु व चौड़ल लेकर पहुंचे थे। इसमें सात लोगों को टुसु में, चार व्यक्ति को चौड़ल में तथा एक व्यक्ति को बुढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया।







टुसू मेला में मकर गीत गाते सांसद विद्युतवरण महतो, टुसू मेला का भव्य दृश्य और टुसू मेला में नुवाग्राम, गांजिया-सरायकेला का किशोर पंचानन महतो की एक भंगिमा।

इस दौरान अतिथियों के रुप में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, ईंचागढ़ की विधायक सबिता महतो, जुगसलाई विस के विधायक मंगल कालिंदी, सरायकेला की पूर्व पार्षद सारथी महतो, गम्हरिया की पार्षद स्नेहा महतो आदि मौजूद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने की। इस दौरान बारीपादा (ओड़िसा) से आई लालचंद महतो एंड झुमर ग्रुप ने कई टुसु व झूमर गीत गाकर माहौल में चार चांद लगा दिया।

कार्यक्रम में शुक्रवार रात्रि से ही टुसु लेकर लोग पहुंचना शुरू कर दिये थे। शनिवार सुबह होते ही टुसु व चौड़ल लेकर आनेवालों की बाढ़ आ गई। अतिथियों ने संयुक्त रुप से वहां देश व राज्य के आंदोलन में अहम योगदान देनेवालों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व कार्यक्रम की शुरूआत की. वहां आयोजकों की ओर से एक तरफ रघुनाथ महतो, शहीद बिरसा मुंडा व सिदो-कान्हू की तस्वीर लगाई गई थी, दूसरी ओर शहीद निर्मल महतो, पूर्व सांसद स्व सुनील महतो, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुधीर महतो तथा ईंचागढ़ के पूर्व विधायक स्व. साधुचरण महतो की तस्वीर थी। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सांसद स्व. साधुचरण महतो, मंच के सक्रिय कार्यकर्ता बाबू नाग सहित कोरोनाकाल में निधन होनेवाले मृतकों की आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखा।

### कभी खत्म न होने दें मेला का महत्व : आस्तिक

मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने कहा कि काफी जद्दोजेहद के बाद पूर्व सांसद स्व. सुनील महतो, स्व. सुधीर महतो आदि की पहल पर यह मेला बिष्टुपुर जैसे शहर के हृदयस्थली में शुरू हो पाया था। इसलिये नौजवानों से उन्होंने अपील की कि इसे कभी खत्म नहीं होने दें। कार्यक्रम के दौरान ही आस्तिक महतो ने वहां जुटे लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का आग्रह किया, ताकि वे इस दुनिया में डटकर परेशानियों का सामना कर सके। साथ ही कम उम्र के बच्चों से भी अपील की कि वे वाहन धीरे चलाएं और वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें लेकर काफी सपने संजोये हुए होते हैं।

**सांसद ने गाया मकर गीत :** सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने संबोधन के दौरान ही टुसु व झूमर गीत गाकर लोगों को मन मोह लिया. उन्हें आसछे मकर दु दिन सबुर कर, तुईं पीठा मुढ़ी जोगाड़ कर...गाया। वहीं मंच पर आकर स्व. निर्मल महतो के एक साथी भी आकर टुसु गीत प्रस्तुत किया। पूर्व सांसद सुमन महतो तथा ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने भी लोगों से अपनी संस्कृति बचाये रखने की अपील की।

**झूमर ग्रुप में लोगों को झुमाया :** मंच पर उड़ीसा के बारीपादा जिले से आई लालचंद महतो एंड ग्रुप की टीम ने लगातार कई टुसु व मकर गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसमें गीत प्रस्तुत करनेवालों में मोंटी, कुनी, लिलि, अजय के नाम शामिल थे। एंकर की भूमिका सूरज ने निभायी।

# दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था है लोकतंत्र इसे और श्रेष्ठ बनाये युवा पीढ़ी : हरिवंश

- कहा, भारतीय लोकतंत्र को श्रेष्ठ बनाना है तो हमें कामराज जैसे नेता चाहिए
- राज्यसभा के उप-सभापति की तीन पुस्तकों पर पाठकीय संवाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को बिष्टुपुर चेंबर भवन में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की तरफ से आयोजित राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की तीन नवीनतम पुस्तकों पर लेखकीय यात्रा सह पाठकीय संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। हरिवंश ने कहा कि लोकतंत्र श्रेष्ठ हो यह सवाल है। इसके लिए राजनीति में कामराज जैसे राजनीतिज्ञ की जरुरत है जो खुद अपढ़ थे किन्तु अपने मुख्यमंत्रीत्वकाल में उन्होंने मिड डे मील और स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल ड्रेस सरकार से देने की व्यवस्था सृजित की जो आज कई राज्य सरकारें अनुकरण कर रही हैं।

कामराज अपढ़ और अविवाहित रहे। मुख्यमंत्री बने तो भी अपनी मां को गांव में ही रखा। महीने में एक बार मां से मिलने गांव अवश्य जाते थे। एक दिन उन्होंने देखा कि उनके गांव वाले घर के सामने चापाकल लगा दिया गया है। पता चला कि सरकारी विभाग ने इसे लगाया है। कामराज ने तुरंत जिलाधिकारी को तलब कर कहा कि जब हर घर के सामने चापाकल लग जायेगा तब मेरे घेर के सामने लगा देना,अभी नहीं। कामराज सत्ता को लेकर लालच से हमेशा दूर रहे। खुद के प्रयास से दो-दो पीएम बनाये किन्तु खुद पीएम बनने की लालसा कभी नहीं रखी। आज की राजनीति में हमें एक नहीं,कई कामराज चाहिए तभी हमारा लोकतंत्र श्रेष्ठ बनेगा। हरिवंश ने अपने संबोधन के अगले चरण में गांधी जी पर प्रकाश डालते हुए कहा, गांधी जी की जीवन मूल्य परंपरा अध्यात्म थी।



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ अविनाश कुमार सिंह ने पुस्तक कैलास मानसरोवर पर टिप्पणी की। कहा कि मानसरोवर की यात्रा में वे कहीं भी तन्हा नहीं हैं। उनके साथ पूरा समाज है। यात्रा में लेखक रहीम खानखाना को याद करते हैं। इससे लेखक कहां से चीजों को देख रहे हैं यह पता चलता है। एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक अविचल ने कहा कि इसका शीर्षक बहुत अच्छा है। जो विविध धाराओं को एक साथ जोड़ता है। इसमें मौलिक रचना सा आनंद मिलता है। इसमें हरिवंश के हरिवंश बनने की कथा भी दिखायी देती है। पुस्तक में लेखक का समर्पण है। कलश पुस्तक के बारे में प्रो मित्रेश्वर अग्निमित्र ने कहा कि जीवन की यात्रा मृत्यु की ओर जाती है। पुस्तक कहता है, ईश्वर की ओर जाने का मार्ग है अध्यात्म, साधना। इससे पहले अतिथियों का शॉल और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। गुलाब सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडगी, गोविंद दोदराजका, प्रो अमरनाथ सिंह, राजेश शुक्ला, रघुनाथ पांडेय, अभय सिंह, राजकुमार सिंह, बारी मुर्मू, रवींद्रनाथ चैबे, सुरेश सोंथालिया, राकेश्वर पांडेय, विजय आनंद मूनका, शैलेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता से दुमुहानी पर मिले बुद्धिजीवी मंच के लोग, दी गयी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार को अखिल भारतीय बुद्धिजीवी मंच मानगो जमशेदपुर का एक प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आपदा प्रबंधन मंत्री झारखण्ड सरकार बन्ना गुप्ता से दोमुहानी नदी के तट पर मुलाकात की इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों लोकार्पित कैलेंडर भगवान बिरसा मुंडा का सचित्र समर्पित किया गया। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि मंडल को बन रहे पर्यटन स्थल का अवलोकन कराया। इस तरह के सराहनीय कार्य के लिए बुद्धिजीवी मंच के लोगों ने सराहना की और उम्मीद जताया है कि यह पर्यटक स्थल जमशेदपुर वासियों के लिए ही नहीं झारखण्ड प्रदेश के लिए वरदान स्वरूप होगा। भविष्य में इस तरह के पर्यटक स्थल निर्माण से झारखण्ड प्रदेश विकास करेगा। बुद्धिजीवी मंच के लोगों ने मंत्री का आश्वस्त किया कि दुमुहानी में पर्यटक स्थल के निर्माण में राज्य के विकास में साथ देने के लिए कृत संकल्प है। प्रतिनिधिमंडल में बुद्धिजीवी मंच मानगो जमशेदपुर के अध्यक्ष जीवछ झा, सचिव राय शशि भूषण शर्मा आदि भी थे।

## स्वर्णरेखा नदी के पेट में निर्माण होना असहनीय है, हाईकोर्ट जाऊंगा : सरयू

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि दोमुहानी जमशेदपुर से आज जो चित्र और विडियो प्रसारित किये गये हैं वे कानूनी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है। जिनपर कायदा-कानून का क्रियान्वयन करने का दायित्व सरकार ने डाला है यदि उनका ही आचरण नियम-कानून के विपरीत होगा, इन प्रावधानों का उलंघन करने वाला होगा तो राज्य में विधि व्यवस्था कैसे बहाल होगी। मैं मंगलवार को इस मामले को लेकर हाईकोर्ट की शरण लूंगा। श्री राय ने कहा कि स्थानीय मंत्री महोदय ने वहां कोई निर्माण की घोषणा की है। निर्माण की प्रकृति और प्रकार क्या है ? इसका डिजाइन क्या है, इसका प्राक्कलन तैयार हुआ है या नहीं? प्राक्कलन की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति हुई है या नहीं? इसके अतिरिक्त नदी पर जिस विभाग का अधिकार है उसकी तथा पर्यावरण की स्वीकृति इस कार्य के लिए प्राप्त है या नहीं? वस्तुतः इस बारे में स्पष्टता नहीं है, यह सब हुआ ही नहीं है। इसके बावजूद नदी के पेट में काम शुरू हो गया है। मंत्री, उपायुक्त, जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी वहां मौजूद रहकर कार्य का निरीक्षण रहे हैं। उन्हें यह भी पता नहीं है कि इस कार्य के लिये निधि कहां से आएगी। पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। ठेकेदारों और जेएनएसी के पोकलेन, जेसीबी जबरन काम पर लगाए गये हैं। विधायक ने अपने बयान में कहा कि उपायुक्त ज़िला पर्यावरण समिति की अध्यक्ष हैं. उनका दायित्व पर्यावरण, पारिस्थितिकी का संरक्षण करना है। पर वे ही नदी पर्यावरण/ पारिस्थितिकी के प्रतिकुल होने वाले अनियमित कार्य को प्रोत्साहन दे रही हैं तो किया हो सकता है।



विधायक सरयू राय।

## श्रीनानाथ विवि में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अंतर्गत आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरायकेला-खरसावां जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के बच्चों ने शिरकत किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरायकेला जिला आर्चरी अकादमी की अध्यक्षा श्रीमती मीरा मुंडा उपस्थित रहीं । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सरायकेला खरसावां के जितेंद्र कुमार सिन्हा मौजूद रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मीरा मुंडा ने कहा कि अपार हर्ष की बात है कि आज 'परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे आकर इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता की भावना हमेशा अपने अंदर रखना चाहिए और खुद को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। आप बहुत अच्छा करेंगे।



## श्री राम मंदिर स्थापना की तृतीय वर्षगांठ पर आयोजन समिति का हुआ गठन

- मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने किया सूर्य मंदिर समिति की वेबसाइट का शुभारंभ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति की आमसभा की एक विशेष बैठक सूर्यधाम के प्रांगण में शनिवार को हुई। समिति के अध्यक्ष भुपेन्दर सिंह एवं मुख्य संरक्षक रघुवर दास (भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री) तथा संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में श्रीराम मंदिर स्थापना की तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक श्री रघुवर दास ने सूर्य मंदिर के वेबसाइट का शुभारंभ किया। बैठक के प्रारंभ में मंदिर समिति के अध्यक्ष भुपेन्दर सिंह ने श्री राम मंदिर की स्थापना की तृतीय वर्षगांठ महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी 2023 की दोपहर 12 बजे होगा।

# 27 फरवरी को बहरागोड़ा में बजेगी शहनाई

- बहरागोड़ा में सातवीं बार धूमधाम से होगा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी 27 फरवरी को बहरागोड़ा में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है ।इस विवाह समारोह में 20 जोड़ी गरीब बेटियों का विवाह धूमधाम से सम्पन्न होगा । बहरागोड़ा में लगातार 7 वीं बार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हो रहा है। अब तक 137 गरीब बेटियों का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो चुका है । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के आवास पर आयोजित बैठक में उक्ताशय का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि बहरागोड़ा की जनता के अपार समर्थन तथा सहयोग से 7 वर्षों से लगातार गरीब कन्याओं का विवाह सम्पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष 20 जोड़ी कन्याओं का विवाह आयोजित किया जाएगा। विवाह स्थल पर 20 मंडप होंगे जहाँ वैदिक रीति से पंडित विवाह अनुष्ठान सम्पन्न करवायेंगे। कन्याओं को दैनंदिन उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री, वस्त्र, बर्तन , आलमीरा तथा मिठाईयाँ उपहार के रूप में प्रदान किया जाएगा तथा। विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए 25 हजार अतिथिओं को निमंत्रण भेजा जाएगा। विवाह स्थल पर अतिथिओं के भोजन की व्यवस्था रहेगा। विवाह के दिन सभी वरों का बाजे- गाजे के साथ शोभायात्रा भी निकाला जाएगा । डॉ गोस्वामी ने कहा कि प्रतिवर्ष बहरागोड़ा में आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह वस्तुतः सामाजिक उत्सव का रूप ले चुका है । गरीब कन्याओं के माता-पिता का इस समारोह का साल भर से इन्तजार रहता है । सामूहिक विवाह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा जिसमें युवाओं एवं महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहेगी। बैठक को जिला पार्षद भूपति नायक, वरीय भाजपा नेता रंजीत बाला, जिला मंत्री निर्मल दुबे, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री बत्स घोष , देवाशीष दास, मिन्टु पाल, देव प्रसाद दे, मुखिया झुमा नायक, विकास मित्र, बड़शोल मंडल अध्यक्ष आशीष महापात्रा , राजीव महापात्रा , उत्पला पैड़ा, काजल महाकुड़, उषा रानी बेरा, वीणा पात्र, मीनाक्षी जेना, अर्चना माईती तथा शकुन्तला महतो ने संबोधित किया।



सामूहिक विवाह की तिथि घोषित करते संयोजक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी।

## एक नजर में

### तैलिक साहू महासभा ने दोमुहानी सौंदर्यीकरण हेतु बन्ना गुप्ता का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता के सौजन्य से स्वर्णरेखा नदी दोमुहानी का सौंदर्यकरण का नेक कार्य किये जाने की खुशी में शनिवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि बन्ना गुप्ता द्वारा नेक कार्य हेतु जो पहल किया गया हैं उसका स्वागत औरं उनके हौसला को बनाये रचाने के लिए सभी समाज को आगे आने की जरूरत हैं। ताकि जनहित में ऐसे कार्य होते रहें। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, उपाध्यक्ष पप्पू साहू, महामंत्री पिंटू साव, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साव, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, जिला सचिव भोला प्रसाद, अशोक साहू, सत्यदेव प्रसाद, विनोद साहू,, वंदना गुप्ता, प्रमिला साहू, अंकिता कुमारी, निर्मला साहू प्रतिभा गुप्ता, सुशीला देवी, साहू समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### छह माह के भीतर 50 हजार बच्चों को शिक्षा सामग्री देगा सभराम फाउंडेशन



**जमशेदपुर।** शनिवार को सभराम फाउंडेशन द्वारा जरूरत कैंपेन का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व भाजपा विधायक कुणाल षाडंगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे जी उपस्थित थें। संस्था का के संयोजक अंगद राज ने बताया कि हमारा लक्ष्य आगामी 6 माह के भीतर 50,000 गरीब बच्चों को शिक्षा से संबंधित जरूरत की सामग्रियां उपलब्ध करवाने की हैं। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा विधायक कुणाल षाडंगी एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे जी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहायता संस्था के लिए करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजीव ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संयोजक अंगद राज ने किया ।कार्यक्रम मे कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, पंकज,अमन, राज, कुंदन, धर्मा, सुब्रत कुमार, चाणक्य कुमार, हिमांशु कुमार, विक्रम, मनीष कुमार,चेतन कुमार, आलोक रंजन,कुमार गौरव, प्रभाकर कुमार एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

### कदमा जोगमाया काली मंदिर में मौनी अमावस्या



**जमशेदपुर।** कदमा भाटिया बस्ती कालीबाड़ी पथ स्थित जोगमाया काली मंदिर में मौनी अमावस्या पूजा शनिवार को सपन्न हुआ। पूजा में माँ काली की बिशेष पूजा की गई। मंदिर के प्रधान पुरोहित कामाख्या व तारापिठ तंत्रसाधना सिद्ध ज्योतिष आचार्य प्रजेश भट्टाचार्जी (बुड़ो दा) व कामाख्या, तारापीठ रजरप्पा सिद्ध तंत्रसाधक निठा बाबा ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को माघी अमावस्या या मौनी अमावस्या कहलाती है। अमावस्या को सुहाग और सौभाग्य दायक कहते हैं। इसलिए इस अमावस्या के दिन भगवान शिव पार्वती के साथ बट यानी बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजा की शुरूआत सती घाट से कलश में पानी भर कर कलश स्थापना किया गया। तत्पश्यात रात्रि में चंडी पाठ, मां काली को 108 दीप, फूल, 108 बेल पत्ते से यज्ञ किये इस अवसर पर घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, जेएमएम जिलाध्यक्ष डॉ सुभेंदु महतो, डॉ ए वी भट्टामिश्रा, हरदेव सिंह विरदी, दिनेश रंजन, गोपी प्रामाणिक, रोहित सिंह आदि के सहयोग से पूजा संपन्न हुआ।

### चांडिल में ऊर्जा मेला का विधायक ने किया शुभारंभ



**चांडिल।** शनिवार को ईंचागढ के विधायक सविता महतो ने चांडिल में ऊर्जा मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान चांडिल विद्युत सहायक अभियंता अजय कुमार ने विधायक सविता महतो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। विद्युत सहायक अभियंता ने कहा इस कार्यक्रम को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा पूरे झारखंड में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में जागरूकता लाना एवं राज्य सरकार के द्वारा दिए जा रहे 100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना का लाभ पहुंचाना है। विधायक सविता महतो ने कहा किसी भी गांव में बिजली काटने से पहले डुगडुगी बजाकर उपभोक्ताओं को अधिक बिल होने की सूचना एवं बिल जमा करने को लेकर समय देने एवं लोड शैडिंग शाम को ना कर रात 12 बजे के बाद करने का निर्देश दिए। ताकि बच्चों के पठन-पाठन में कोई असुविधा ना हो। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबुल महतो, जेई दिवाकर उरांव, राहुल वर्मा, ऊर्जा मित्र राजा दां, रंधीर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यकर्ता सुकेश मुखी जेल भेजने के विरोध में एसएसपी से मिले लोग



**जमशेदपुर।** केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झामुमो नेता हरि मुखी के नेतृत्व में मुखी समाज का प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर आरक्षी अधीक्षक से मिलकर विगत दिनों झूठे केस में बिरसानगर निवासी सह झामुमो कार्यकर्ता सुकेश मुखी को बिरसानगर थाना द्वारा बेबुनियाद आरोप में जेल भेजे जाने की जानकारी दी व निष्पक्ष जांच करने की मांग की। हरि मुखी ने बताया कि बिरसा नगर में टुसू मेला के दिन सुकेश मुखी गलती से अपने स्कॉर्पियो गाड़ी को मेले के अंदर ले गए थे जिसका बिरसा सेवा दल के लोगों ने विरोध प्रकट किया।

## स्पीड न्यूज

### कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा स्थित मुख्य बाजार के समीप सकल मंदिर (टुनटुनवा मंदिर) का जीर्णोद्धार के बाद विधि विधान से शिवलिंग स्थापना कार्यक्रम शुरू हो गया है। शनिवार को कलश यात्रा के साथ भगवान भोलेनाथ के जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया उसके उपरांत मंदिर में विद्वान भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस दौरान 22 को दोपहर 2 बजे के बाद भव्य भंडारा किया जायेगा। वहीं 23 को प्रातः 10 बजे से नगर भ्रमण का कार्यक्रम होगा जिसमें भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को नगर भ्रमण कराकर मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जायेगा। मौके पर पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, राम प्रसाद, श्याम प्रसाद, सुरेश प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, सोनू कुमार, श्याम बिहारी प्रसाद, सुधीर कुमार, अर्पण गुप्ता, जयकिशोर प्रसाद, आकाश कुमार शंभु प्रसाद समेत सैकड़ों श्रद्धालु थे।

### स्वास्थ्य शिविर में 90 विद्यार्थियों की जांच



**तरहसी पलामू।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सुखदेव सहाय मधेश्वरण सहाय डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तरहसी स्वास्थ्य केंद्र के डॉ रवि प्रकाश, सीएचओ अनीता कुमार, सीएचओ शालिनी लाकड़ा, एमपीडब्लू ब्रजकिशोर प्रसाद, एमपीडब्लू अरुण कुमार के द्वारा 90 छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर मलेरिया, कोविड-19 जांच किया गया। जांच उपरांत संबंधित रोगों का उचित दवाई बांटा। साथ ही कैल्शियम, विटामिन, आयरन की दवा दी। मौके पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा, एनएसएस पदाधिकारी प्रो अनूप कुमार, प्रो अंजनी पाठक, प्रो राजकुमार, प्रो अर्चना कुमारी, प्रो बजरंग, प्रो राम जन्म पांडे, प्रशांत कुमार, नवीन पांडे, राहुल कुमार, सरजू कुमार, नितीश कुमार, अनिल कुमार उपस्थित थे।

### दो बच्चों के साथ मां ने लगी ली फांसी



**मनातू पलामू।** थाना क्षेत्र के रंगेया निवासी बिकास दास की पत्नी शांति देवी (28) अपने दो बच्चों संग फांसी पर झूल गयी। इसमें पुत्र छोटू कुमार (12) की जान बच गयी। जबकि कुणाल (8) व मां की मौत हो गयी। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पाकर घटनास्थल पहुंचे। वहां एक बच्चा व महिला का शव झूलता पाया। बताया कि स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि मृतक महिला का पति दूसरी शादी कर लिया था। जिससे वह तनाव में थी। वह अपने बच्चों संग आत्महत्या करने की तैयारी की। जीवित पुत्र विशाल उर्फ छोटू ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अध्यक्ष ने कचरा संग्रह के लिए दी बाल्टी



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर में स्वच्छता साफ सफाई को लेकर नगर पंचायत के प्रतिनिधियो ने कमर कस लिया है। इसे लेकर शनिवार को जपला स्टेशन रोड के दुकानदारों के बीच अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व नगर प्रबन्धक नजीबुल्ला अंसारी ने सैकड़ों गिला और सूखा कचरा संग्रह बाल्टी बांटी। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि मेरे द्वारा शहर को सफाई पर बेहतर ध्यान दिया जाता रहा है, लेकिन इसमें दुकानदारों का सहयोग नहीं मिल पाता था। दुकानदार अपने दुकान को कचरा सड़क पर फेंक देते थे जो ढेर बन जाता था। कहा कि शहर में इस तरह के कचरा डस्टबिन पूरे शहरी क्षेत्र के दुकानदारों के बीच कुल दस हजार बांटने का लक्ष्य रखा गया जिसका सभी दुकानदारों को न्यूनतम मानक शुल्क 10 रुपया हैं जो दुकादरो को भुगतना करना है। उपाध्यक्ष ने कहा कि जहां बाल्टी बांटा गया है वे अपना कचरा नगर पंचायत के सफाई गाड़ी में ही डाले अन्यथा आप पर फाईन भी किया जा सकता है। सभी जगहों पर रोज गाड़ी जाएगी यह नगर प्रबंधक और अन्य कर्मी सुनिश्चित करेंगे। मौके पर सफाई जमादार रवि कुमार यादव,संजीत पासवान,अवधेश राम आदि उपस्थित थे।

### युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने कबड्डी खिलाड़ी को किया सम्मानित



**सतबरवा पलामू।** राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड कबड्डी टीम की ओर से झारखंड को गोल्ड मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली सतबरवा के पोंची गांव निवासी संजय राम की पुत्री नेहा कुमारी को शनिवार को पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी के सुपुत्र दिलीप सिंह नामधारी ने शॉल, प्रशस्ति पत्र व ग्यारह हजार रुपए देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री नामधारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ उन्हें सहयोग कर निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और प्रशासन के लोगों को भी आगे आने की जरूरत है।श्री नामधारी ने नेहा का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हर संभव मदद किया जाएगा ताकि नेहा सतबरवा सहित जिला और राज्य का नाम रौशन कर सके।इसके पूर्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बरवाडीह स्थित सीआरपीएफ के जवान तथा लातेहार जिले के कई लोगों ने नेहा के प्रतिभा को देखते हुए सम्मानित करने का कार्य किया है। वर्तमान में नेहा कुमारी लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरवाई कला में दसवीं की छात्रा है। नेहा ने बताया कि कबड्डी में विद्यालय की ओर से दो लड़कियों का चयन लातेहार में खेलने के लिए हुआ था उसके उपरांत गोमो में आयोजित जिला स्तरीय टीम में खेलने का मौका मिला जिसमें मेरी टीम पराजित हो गई थी लेकिन मेरा प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम में मुझे चयन किया। नेहा ने बताया कि अगर सरकार और प्रशासन से मदद मिली तो राष्ट्रीय टीम के हिस्सा बनूंगी तथा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल कर गांव जिला राज्य व देश का नाम रौशन करूंगी। मौके पर पोंची मुखिया गिरवर प्रसाद राम, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य अशोक राम, उमेश प्रसाद, विजय चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# होटल शिवाय ब्लू में कल होगा जिलास्तरीय वैश्य महासम्मेलन

➲ सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर भी लेंगे भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का पलामू जिलास्तरीय सम्मेलन होटल शिवाय ब्लू में रविवार को होगा। इसमें सभी प्रखंड, पंचायत स्तर से वैश्य समाज के लोग भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर ज्योतिलोक होटल में बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो युगल किशोर ने बताया कि बहुत दिनों बाद वैश्य परिवारों का महाजुटान सह सामूहिक भोज रविवार को होटल शिवाय ब्लू नावाटोली में 11 बजे से रखा गया है।



**खास बातें :** जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोगों के लिए गौरव की बात है कि इस बार अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व ज्ञान शंकर को दिया गया है। वे समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी भी भाग लेंगे। देवेंद्र ने कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ों एवं वैश्य की अनदेखी कर रही है। पंचायत चुनाव से लेकर आगे भी निकाय चुनाव में आरक्षण नहीं देने की मंशा बना चुकी है जिसे न पिछड़ा समाज और न ही वैश्य समाज बर्दाश्त करेगा। सम्मेलन में वैश्य समाज के निर्वाचित मुखिया, प्रमुख, जिला पार्षद, मेयर, वार्ड पार्षद समेत अन्य भाग लेंगे। बैठक में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सह पार्षद अहिल्या गुप्ता ने कहा कि वैश्य एवं पिछड़ी जाति को झारखंड सरकार चुनाव में आरक्षण नहीं देकर नादानी कर रही है। वह दिन अब दूर हो गया कि वैश्य समाज की महिलाएं देहरी से बाहर नहीं निकलती थी। आज समय परिवर्तन के साथ वैश्य समाज में भी कई परिवर्तन आये हैं। महिलाएं राजनीति में भी हिस्सा ले रही हैं। मेदिनीनगर की महापौर भी वैश्य परिवार से ही आती है। जो निगम क्षेत्र में परचम लहरा रही है। बैठक में कमल गुप्ता, विनोद गुप्ता, अजय मोहन, नोटरी संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, अमित आनंद, मनोज गुप्ता, विवेक गुप्ता, मनीष भिवानियां, शिवशंकर अकेला, सतीशकुमार

# पाटन: औचक निरीक्षण कर पलामू डीडीसी ने की प्रखंड की विकास योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने शनिवार को पाटन प्रखण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड में संचालित मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पुरानी लंबित योजना, आधार सीडिंग एवं लंबित पीएम आवास योजना ग्रामीण की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। डीडीसी ने एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु बीडीओ और बीपीओ पाटन को निर्देश दिया।



**खास बातें :** मनरेगा में अनियमितता की वसूलनीय राशि एक सप्ताह में कराने, राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन को दिया। साथ ही मनरेगा में निबंधित वेंडर जो रॉयलटी जमा नहीं किये हैं उनकी निबंधन रद्द करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात डीडीसी रवि आनंद सिरमा पंचायत पहुंच कर संदीप सिंह के पशु सेड एवं कांकेकला पंचायत पहुंच कर मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगाकर्मियों को कड़ी चेतावनी देते हुए मनरेगा प्रावधान एवं प्राक्कलन के अनुरूप योजना धरातल पर उतारने का निर्देश दिया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर तथा वितीय अनियमितता होने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण में डीडीसी के साथ बीडीओ पाटन, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, उपेंद्र राम, सुधीर कुमार सहायक परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए, मुफ़्ती अनवर जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## हैदरनगर : भव्य कलश यात्रा के साथ मां शतचंडी महायज्ञ शुरू

# यज्ञ से संपूर्ण सृष्टि का कल्याण

खबर मन्त्र संवाददाता

**हैदरनगर/हुसैनाबाद, पलामू।** प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर से भव्य कलश यात्रा के साथ शनिवार को दस दिवसीय श्री मां शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ हो गया। यह यज्ञ वैष्णव संप्रदाय के संत श्री श्री 1008 श्री सुंदर राज स्वामी की अगुवाई में संचालित हुआ। जो 30 जनवरी को संतों की विदाई व भव्य भंडारा के साथ समापन होगा। कलश स्थापना को लेकर गाजे बाजे के साथ सुबह दस बजे भव्य जलयात्रा में हजारों महिलाएं, कुंवारी कन्याओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

का नेतृत्व विधायक कमलेश सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू, राकांपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू, संवेदक सह समाजसेवी उपेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, अजित कुमार सिंह, भाजपा नेता रविंद्र सिंह उर्फ बबलू, समिति अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सदस्यों के साथ किया। देवी धाम परिसर से निकलकर जपला मुख्य पथ होते देवरी सोन नदी के तट तक पैदल 13 किमी पहुंचकर श्रद्धालुओं ने कलश में जलभराई की। यात्रा में शामिल विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से संपूर्ण सृष्टि का कल्याण होता है।

**खास बातें :** जलभराई में आचार्य दिनेश शुक्ला, अखलानंद त्रिवेदी, विनोद शास्त्री, आशीष मिश्रा ने विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। तत्पश्चात पुनः कलश यात्रा उसी रास्ते से होते हुए यज्ञ स्थल स्थित यज्ञ मंडप पहुंचकर स्थापित किया। जहां यज्ञाचार्यो ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया। इस कलश यात्रा में चार किमी लंबी कतार लगी रही। जल यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में अनुमदल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश, हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान, इंस्पेक्टर दीपक कुमार, हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी दल बल के साथ तैनात रहे। जल यात्रा का नेतृत्व यज्ञ समिति केसंतन चौधरी के अलावा धनंजय सिंह, नंदलाल प्रसाद, रामप्रवेश मेहता, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, समाजसेवी बबीता सिंह, मुखिया नागेन्द्र मेहता, जितेन्द्र सिंह, संजय सिंह समेत सैकड़ो धर्मप्रेमी ने किया।

# भगवान शिव त्रिलोकी हैं, उनकी महिमा अपरंपार : आचार्य अनिल

➲ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ में शिव पुराण की कथा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर थाना प्रांगण में नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार से शिव महापुराण की कथा प्रारंभ हुई। हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आये प्रवचनकर्ता आचार्य अनिल शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिव त्रिलोकी हैं। उनकी महिमा अपरंपार है। इससे पहले प्रवचन पंडाल का औपचारिक उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक के जिला प्रतिनिधि



प्रवचन पंडाल का उदघाटन करते अतिथि।

रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन मंदिर निर्माण के अगुआ एएसआई अनंत कुमार सिंह ने किया। मौके पर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि शिव महापुराण कथा का श्रवण करें और उसे अपने जीवन में उतारें। भगवान के बात मार्ग पर चलें। मौके पर युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, मनीष प्रसाद गुप्ता, राहुल जैकब, विजय कुमार रवि, लक्ष्मण साव, धर्मराज गुप्ता, एएसआई संजय सिंह, बीरेंद्र तिवारी, राजकुमार चौधरी, अनिल सिंह, रमेश चौबे, राजेंद्र केशरी, धनन्जय यादव, सतेंद्र यादव, गोपाल सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### हड़ताल से पांचवें दिन भी ओपीडी बंद, मरीज परेशान



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एनएचएम कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। जिससे ओपीडी सेवा लगातार पांचवें दिन भी बंद रही। ओपीडी बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। हड़ताल के दौरान एनएचएम कर्मी हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को धरना भी दिया। एनएचएम कर्मी का कहना है कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। हमारा एक सूत्री मांग नियमित करने का है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर सभी एनएचएम कर्मी मौजूद थे।

# समाज के उत्थान से ही होगा देश का समुचित विकास: बच्चन ठाकुर

›› राष्ट्रीय नाई महासभा का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**नावा बाजार पलामू।** समाज के उत्थान से प्रखंड, जिला, राज्य एवं देश का विकास संभव है। समाज के लोगों को सकारात्मक रूप से जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। अच्छी सोच, मानसिक रूप से मजबूती एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने से विकास का मार्ग प्रसस्त होता है। इसके लिए लोगों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। यह बातें राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कही। वे शनिवार को नावा बाजार प्रखंड के इटको मोड आईटीआई कॉलेज के समीप आयोजित नाई परिवार मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय नाई महासभा नवाबाजार इकाई द्वारा आयोजित किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने समाज में एकजुटता बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया।

# पथरा में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गयी जलयात्रा

›› पथरा से पैदल चल गजना धाम क्रबार नदी से श्रद्धालुओं ने जल उठाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह 5 दिवसीय यज्ञ को लेकर जल यात्रा निकली। शनिवार को आसपास के हजारों के ग्रामीण महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से मंदिर प्रांगण से कलश उठाया एवं लगभग 3 किमी पैदल चल बिहार झारखंड सीमा अवस्थित गजना धाम शक्तिपीठ प्रांगण करबार नदी से यज्ञ के पुजारी स्वामी अजीत शास्त्री ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मुख्य यजमान एवं सभी श्रद्धालुओं के कलश में जल दिया और पुनः ग्राम पथरा मंदिर लाया गया। मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि यह भव्य मंदिर ग्रामीण और आसपास के लोगों ने बनवाया है। पूजा समारोह 21 से 26 जनवरी तक चलेगा। 27 को भव्य भंडारा एवं आचार्य विदाई समारोह के साथ समापन होगा। मौके पर संजय कुमार, बिजय पासवान,

### पाटन : नवडीहा मुखिया ने किया कंबल वितरण



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नवडीहा पंचायत में मुखिया पपु सिंह उर्फ रंजीत सिंह ने गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। नवडीहा पंचायत के जुरुवा खांड़ टोला में 32 लोगों के बीच कम्बल बांटे गये। पांच असहाय लोगों को वृद्धा पेंशन दिया गया। मुखिया ने कहा कि इन दिनों पूरा जिला ठंड की चपेट में है। गरीबों को कंबल नहीं मिलने से ठंड में परेशानी हो रही थी। लोगों को ठंड से निजात मिले इसे लेकर कंबल बांट रहे हैं। कहा कि गरीबों का सेवा पुनीत कार्य है। मौके पर दीपक सिंह, मंगल सिंह, विवेक सिंह, परिखा भुइयां, पुटुस भुइयां, दुखी भुइयां, सरवन भुइयां उपस्थित थे।

### चार तालाबों के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के काला पहाड़ के पास छतरपुर पड़वा नौडीहा बाजार एवं पाटन में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा दिए गए 4 तालाबों के जीर्णोद्धार स्वीकृति का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार से क्षेत्र के किसानों का खेत आसानी से सिंचित होगा। केंद्र सरकार किसानों के समस्या समाधान को लेकर गंभीर है। केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के विकास के लिए बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर विधायक व पूर्व सांसद का भव्य स्वागत कया गया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ,चंद्रकांत उपाध्याय, कुंदन दुबे, किशोर उपाध्याय, छोटू उपाध्याय, टनटन उपाध्याय, शुभम क्रांति, नरेंद्र दुबे, ज्योति दुबे ,ईद मोहम्मद अंसारी, मकबूल अंसारी, छतरपुर के अवधेश यादव, नौडीहा बाजार मुखिया लाल बिहारी यादव आदि उपस्थित थे।

# चेराई में साप्ताहिक हाट शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड मुख्यालय के चेराई में साप्ताहिक हाट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया रविंद्र राम, पंसस मणिचंद राम, बसंत गुप्ता ने कहा कि इस क्षेत्र में 40 वर्ष पहले हाट बाजार लगता था लेकिन व्यवस्थित बाजार नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। अब बाजार सुव्यवस्थित होने से लोगों को सहूलियत होगी। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने से नजदीक में साप्ताहिट हाट लगाया जा रहा है। ताकि लोगों को एक ही जगह सामग्री खरीदारी करने में आसानी होगा। साथ ही व्यवसायिक माहौल भी बढ़ेगा।



### प्राथमिक शिक्षक संघ का पुनर्गठन शीघ्र होगा: राजेंद्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई पलामू के कार्यसमिति की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय सूदना में हरिद्वार महतो जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला प्रधान सचिव जितेंद्र कुमार दुबे ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि फरवरी में जिला में सदस्यता अभियान चलेगा।

# मनातू : रंगिया मुखिया कुसमी ने किया स्कूली पोशाक वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू पलामू।** प्रखंड के रंगिया पंचायत प्राथमिक विद्यालय खरीकदाग में शनिवार को पंचायत के मुखिया कुसमी देवी ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया। मौके पर योगेंद्र यादव ने कहा कि झारखंड सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर संभव मदद कर रही है। बच्चों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर फायदा उठाएं और बेहतर से बेहतर शिक्षा ग्रहण करने को कहा। रंगिया मुखिया कुसमी देवी ने बेहतर शिक्षा देने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करें। प्रधानाध्यापक सह सचिव योगेंद्र यादव ने बताया कि स्कूल में सरकार के निर्देश का पालन किया जाता है। साथ ही उपलब्ध सामग्री का वितरण बच्चों के बीच समय पर किया जाता है।

## तरहसी में आयोजित शांति समिति की बैठक में बोले बीडीओ

# अनुशासन में रहकर मनायें पर्व

■ गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना परिसर में गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सच्चिदानंद महतो एवं संचालन पूर्व मुखिया गिरवर सिंह ने किया। बैठक में वक्ता के रूप में प्रमुख प्रिया देवी, बीडीओ सच्चिदानंद महतो, सीओ केदारनाथ सिंह, थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान ने कहा कि संवैधानिक पर्व गणतंत्र दिवस एवं धार्मिक पर्व



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व ग्रामीण।

सरस्वती पूजा दोनों एक ही दिन मनाया जाना है। यह बड़े ही सौभाग्य की बात है । दोनों ही पर्व में अनुशासन एवं शांति से मनाने की आवश्यकता है। समयानुसार सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में दोनों पर्व मनाया जाए कहीं भी अप्रिय घटना नहीं घटी इसकी भी जवाबदेही तय किया जाए । अगर संभावना बनती है या घटना घट सकती है तो सावधानी बरतने की आवश्यकता है, यदि कोई घटना घट जाए तो प्रशासन को खबर करें प्रशासन अपने स्तर से मामले को हल करेगी। पूजा में अप्रिय गाना एवं बिजली के तार से भी बचाव करने की आवश्यकता है। बैठक में मुखिया दीपक पासवान, मुखिया महेंद्र पासवान, पंचायत समिति सदस्य रिशता भूमिया, उदय बैठे ग्रामीण लाला प्रसाद सहित कई प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# हॉली क्रॉस स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम

➲ मैट्रिक के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हॉली क्रॉस स्कूल में विदाई समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अंकित कुमार, कुसुम कुमारी, शादिका, नौशीन, आरोही, श्वेता, जया दुबे, नाजिया, अरीबा, यश, इफरा, खुशी, परी, शादिया एवं अन्य बच्चे/ बच्चियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बाद स्कूल के जूनियर विद्यार्थियों ने वर्ग दशम के विद्यार्थियों को विदाई दी।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**कार्यक्रम की खास बातें :** विदाई समारोह में उपस्थित प्राचार्य चंद्र भूषण सिन्हा ने बच्चों की सफलता व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे परिश्रम कर मैट्रिक परीक्षा में अच्छे अंकों से पास करें। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं सहकर्मी उपस्थित थे। मौके पर इनोवेटिव स्कूल के निर्देशक राकेश वर्मा ने भी सभी बच्चों को मैट्रिक परीक्षा में अधिक अंक लाने के लिए टिप्स भी दिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज गुप्ता, आइशा, प्रवीण, कुसुम कुमारी, अमानत अली, प्रिंस सोनी, अंकित कुमार, निखिल राज, जया दुबे एवं नाजिया ने अहम योगदान निभाया।

## स्पीड न्यूज

### शांति समिति की बैठक

**पुटकी।** मुनिडीह ओ0पी0 प्रांगण में 26 जनवरी ओर सरस्वती पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक ओ0पी0 प्रभारी रौशन बाड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।मोके पर सभी शांति समिति की बैठक में बहुत सी बातों पर चर्चा हुई। सबसे बड़ी बात सामने आई कि पूजा में डीजे नही बजेगा,जो भी डीजे बजायेगा उस पर थाना में मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर सुब्रबरन तिवारी, रमेश सिंह, मनोज सिंह, जितेश सिंह, सुधीर सिंह, बिरेन गोप,बिजय पासवान, मिथलेश दास, रमेश महतो, कमरूदीन अंसारी, बिष्णु सिंह, प्रीतम रवानी संजय पासवान, अम्बिका सिंह आदि समिति ओर थाना के गण्यमान लोग मौजूद थे।

### कोल कर्मियों को नौ माह पूर्व सेवानिवृति पत्र, हंगामा

**अलकडीहा।** समय से पहले दो कर्मी को अवकाश घोषित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मजदूरों का विरोध प्रर्दशन लगातार जारी है। जेलगोड़ा कोलियरी और बरारी कोलियरी खदान पर आंदोलन किया गया, सोमवार से एक धरना देकर जोरदार तरीके से आंदोलन होगा बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा कार्यरत दो कर्मियों को रिटायरमेंट का चिट्ठी मिलने से मजदुरो मे आक्रोश है बीसीकेयू के नेता ने बताया कि जीवलाल महतो को 9 माह पूर्व जनवरी में रिटायरमेंट के चिट्ठी दिया गया वही हीरालाल महतो को जून में रिटायरमेंट होना है जिसे फरवरी माह में रिटायरमेंट किया जा रहा है जबकि दोनो कर्मियों के सभी कागजात है श्री गोराई ने कहा कि प्रबंधन जल्द दो कर्मियों का रिटायरमेंट वापस ले नही तो पूरे लोदना क्षेत्र में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

### बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा नवीकरण

**बोकारो।** बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा समिति के बीमा वर्ष 2023-24 के लिए बीमा व्याप्ति जारी रखने हेतु निविदा मेसर्स नेशनल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड को दिया गया है। प्रत्येक कर्मचारी के लिए बीमाकृत राशि पच्चीस लाख के लिए वार्षिक बीमा प्रीमियम रुपए 1772 मात्र है। दावा पत्र सभी पोषक कागजातों के साथ मृत्यु के मामले में मृत्यु होने के 85 दिनों के अंदर समिति कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा ताकि 90 दिनों के अंदर समिति द्वारा बीमा कम्पनी को प्रेषित किया जा सके तथा स्थायी पूर्ण अपंगता के मामले में दुर्घटना उपरांत अस्पताल से चिकित्सा अशक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के 85दिनों के अंदर समिति कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा ताकि 90 दिनों के अंदर समिति द्वारा बीमा कम्पनी को प्रेषित किया जा सके।

### बोकारो: हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो नगर में बीएसएल के द्वारा स्वास्थ्य एवं खेलकूद संस्कृति के तहत हाफ मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। बोकारो वासियों के अनवरत स्वस्थ जीवनशैली के निमित्त हैप्पी स्ट्रीट के बाद 22 जनवरी के इस हाफ मेराथन में हर उम्र के श्रेणी में 21किमी,10 किमी,5 किमी एवं दिव्यांगों हेतु 2 किमी दौड़ का आयोजन है। नगरवासियों से आवागमन हेतु अलग मार्ग अपनाने की अपील की गयी।

### डीपीएस बोकारो में अंतर विद्यालय 'ऑन द स्पॉट पेंटिंग' प्रतियोगिता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में स्कूली बच्चों के लिए अंतर विद्यालय 'ऑन द स्पॉट पेंटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निकटवर्ती विद्यालयों के समग्र विकास के उद्देश्य से सीबीएसई की 'हब ऑफ लर्निंग' पहल के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो सहित आसपास के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जूनियर कैटेगरी में डीपीएस बोकारो की छात्रा कौशिकी कुमारी एवं रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मौसम कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के छात्र लक्की कुमार एवं तीसरे स्थान पर केंद्रीय विद्यालय- की छात्रा भूमि कुमारी रहीं।

# 13 ट्रकों से लगभग 390 टन अवैध कोयला जब्त

6 ट्रक चालक व एक सह चालक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार को 13 ट्रक पर लगभग 390 टन अवैध कोयला को जब्त किया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने गुरुवार की देर शाम राजगंज थाना क्षेत्र में छापामारी की। इस क्रम में खान निरीक्षक राहुल कुमार ने तोपचांची थाना प्रभारी एवं राजगंज थाना की पुलिस के सहयोग से कोलकाता - दिल्ली नेशनल हाईवे के सर्विस लेन पर महेशपुर पंचायत के पास अवैध रूप से कोयला लदा हुआ कुल 13 ट्रक की जांच की। जांच में पाया गया कि सभी ट्रकों पर अवैध रूप से कोयला लोड है। सभी ट्रक को जब्त कर लिया है। इसमें 11 ट्रक पर 30 - 30 टन, एक ट्रक पर 25 टन व एक ट्रक पर 35 टन अवैध कोयला लोड था। ट्रक संख्या एनएल 01 ए.बी. 9355 पर 35 टन, जेएच 10 बी.एन. 9150 पर 25 टन, जबकि जेएच 02 ए.एस. 9830, यूपी 67 ए.टी. 1116, सीजी 04 एल.वी. 6302, जेएच 09 ए.एफ. 2299, जेएच 11 वाई 6075, बीआर 02 क्यू 6093, बीआर 28 जी.ए. 0605, जेएच 10 ए.बी. 3669, जेएच 10 ए.एक्स. 6509, जेएच 10 बी.वाई. 8716 तथा ट्रक संख्या जेएच 10 ए.ए. 3414 पर 30 - 30 टन अवैध कोयला जब्त किया गया।

इस संबंध में राजगंज थाना में कांड दर्ज कराया गया है। साथ ही 6 ट्रक चालक एवं एक सह चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं चर नामजद अवैध कोयला व्यापारी के विरुद्ध भी कांड अंकित किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों के ऊपर लोड अवैध कोयला को राज्यसाद (कंफीस्केट) करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## सात सूत्री मांगों को लेकर धरना



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा राजद युवा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा द्वारा विद्युत विभाग चिरकुंडा के अधिकारियो के मनमानी व लापरवाही तथा शिथिलता को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समीप मोहुलबना कालोनी में आवासिय कार्यालय मे प्रेस वार्ता की। युवा राजद जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा ने बताया कि सात सुत्री मांगो को लेकर पार्टी ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना विद्यूत कार्यालय मे दिया था तथा सात सूत्री मांग पत्र भी विभाग के अधिकारी को दिया गया था।

सात सुत्री मांगों में जर्जर बिजली के पोल एंव तार को बदला जाए ताकि दुर्घटना से बचाव हो ,यदि विभाग किसी क्षेत्र में कार्य करता है तो पुरे फिडर की बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है इसको लेकर हेडेन स्वीच प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर लगाया जाए,जब किसी गृह स्वामी का मिटर बदलना होता है तो विभाग के लोग बिना बताये मिटर खोल कर लेकर चले जाते हैं। इन्ही मांगो को लेकर विभाग के समक्ष आगे 25 जनवरी से अनिश्चित कालिन धरने पर युवा राजद बैठेगी। मौके पर सुनिता सिह, मो सोनू खान,जमशेद खान, अभिषेक सिंह, विक्रांत मिश्रा, अब्दुला हुसैन, शोएब अख्तर आदि थे।

# एसरी इंडिया ने आईएसएम धनबाद के साथ किया समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भौगोलिक सूचना प्रणाली जीआईएस सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स धनबाद में जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्समिन फाउंडेशन के साथ सहमति ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। आईआईटी- आईएसएम धनबाद में टेक्समिन-एसरी जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर खनन और खोज के लिए स्पैटियल एनालिटिक्स एवं रिमोट सेंसिंग में अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेगा। चूंकि खनिज तलाशने के कारोबार के अंतर्गत जमीन का भारी खर्च आता है और इसमें काफी आंकड़ों की जरूरत पड़ती है, इसलिए स्थान आधारित सूचना, सफल उत्खनन के लिए महत्वपूर्ण होता है। जीआईएस खनिज संसाधनों की खोज से लेकर उसे निकालने और अंततः पुनर्स्थापना तक पृथ्वी विज्ञान और खनन की मूल्य श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीआईएस के ज्ञान से खनन पेशेवर खनिजों को खोजने और आर्थिक संभावना की गणना करने, जोखिम प्रबंधन, पर्यावरणीय आकलन करने में समर्थ होते हैं और साथ ही अन्य चिंताओं का प्रभावी एवं सटीक ढंग से विश्लेषण करने में समर्थ होते हैं। इस गठबंधन के परिणाम स्वरूप, एसरी इंडिया इस जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर को स्थापित करने के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजी के साथ एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन (टेक्समिन) में टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन को सुगम बनाएगी। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, श्डेटा लोकेशन इंटेलिजेंस खनिजों की खोज से लेकर उनके खनन तक की पूरे खनन जीवन चक्र में मौलिक आधार है। खनिजों के तेजी से क्षय होने के मद्देनजर स्पैटियल संदर्भ को समझना और अन्य जियोसाइंस टेक्नोलॉजीज के साथ एकीकरण नए भंडारों के टिकाऊ विकास के लिए महत्वपूर्ण है। टेक्समिन के चेयरमैन एवं आईआईटी- आईएसएम, धनबाद के निदेशक प्रोफेसर राजीव शेखर ने कहा, श्टेक्समिन का उद्देश्य खनन एवं खोज में नवीनतम प्रौद्योगिकियों के उपयोग को प्रोत्साहन देना है। जीआईएस खनन पेशेवरों को स्पैटियल डेटा का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक टूल्स उपलब्ध कराकर खनन परिचालन की जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकती है।

# पार्षदों की लड़ाई से बाधित हुआ सिंदरी के वन क्षेत्र का विकास



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** सिन्दरी का मात्र के वन क्षेत्र की सड़कें, बिजली की व्यवस्था सहित कई विकास कार्य धनबाद नगर निगम के वार्ड नं 54 व वार्ड नं 55 के पार्षदों के बीच पीसकर क्षेत्रवासियों के विकास में बाधा बनकर खड़ी हो गई हैं। इस क्षेत्र की सड़कें दुर्दांत हालात में घटना का प्रयाय बनकर रह गई है। वर्ष 2021 के नगर निगम के वार्ड के परिसीमन के अनुसार यहाँ की सड़कें अपने पुनरुद्धारक की बाट जोह रहा है और क्षेत्रवासी पार्षदों के कार्यकलापों को देखकर हैरान हैं। इस ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरुरत है।

धनबाद नगर निगम के सिन्दरी अंचल क्षेत्र के सिन्दरी शहर के राँगामाटी, एल टाइप क्षेत्र, मनोहरटाँड़, रोहड़ाबाँध, डोमगढ़ सहित सभी क्षेत्रों में मुख्य सड़क के साथ ही साथ लिंक रोड भी बनकर तैयार हैं और आए दिन निगम द्वारा इसे पुनरुद्धार भी किया जाता है। इसके विपरीत पिछले आठ वर्षों से निगम के अधिकारी व क्षेत्र के वार्ड नं 54 के निवर्तमान पार्षद सुमित्रा देवी व वार्ड नं 55 के निवर्तमान पार्षद साहेबराम हेम्ब्रम के वन क्षेत्र के सड़कों सहित विकास को लेकर मुँह फेरे बैठे हैं। क्षेत्र की त्रस्त जनता लगा रही जनप्रतिनिधियों से गुहार के वन 97 निवासी सतीश सिंह ने बताया कि पार्षदों के बीच की लड़ाई में के वन क्षेत्रवासी विकास की बाट जोह रहे हैं। के वन 215 निवासी सुनिल कुमार ने बताया कि खराब सड़कों पर चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निगम व पार्षदों को बार बार लिखित शिकायत करने पर भी विकास नहीं हो रहा है। के वन 211 निवासी राहुल मंडल ने बताया कि क्षेत्र के पार्षद विकास काम की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी मुँह मोड़ रखा है।

**इसपर जनता के द्वारा दिए गए सुझाव:** धनबाद नगर निगम की परिसीमन के अनुसार दो पार्षदों के बीच युद्ध के पर्याय पर क्षेत्र के विधायक, विधायक प्रतिनिधियों, सांसद महोदय व सांसद प्रतिनिधियों को आगे आकर के वन की जनता को न्याय दिलाने की जरुरत है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**कतरास।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया -बहनों ने भाग लिया। इस परीक्षा में विद्यालय के 523 भैया-बहनों ने भाग लिया। इस परीक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आज विद्या भारती के सभी शिशु एवं विद्या मंदिरों में यह परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा का मूल उद्देश्य सभी भैया -बहनों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करना एवं उनमें राष्ट्रीयता का भाव पैदा करना है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के प्रश्न पत्रों में भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति, भारत के ग्रंथ, भारतीय शिक्षा पद्धति, चिकित्सा पद्धति, गणित, विज्ञान एवं भारतवर्ष के मनीषियों के विचारों का उल्लेख है। इस परीक्षा का अधिकतम समय 1 घंटे का था। भैया- बहनों में इस परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख श्री कमलेंदु नारायण चंद्र ने कहा कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारत एवं भारतीयता से भैया -बहनों का परिचय कराना है और उन्हें बताना है कि हमारा भारतवर्ष हर क्षेत्र में प्राचीन समय से ही उत्कृष्ट रहा है। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ प्रतियोगिता जागरूकता अभियान आयोजित

**झरिया।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूवात श्याम मंदिर में मुख्य अतिथि पूर्णिमा नीरज सिंह विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष डा ओम प्रकाश अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच की अध्यक्ष निशा शर्मा सचिव अनूप मित्तल अमित बाजोरिया ओर कार्यक्रम संयोजक आयुष जालान ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस राष्ट्रीय एकता दौड़ में झरिया विधान सभा के सभी विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा सभी विद्यालय को मोमेंटो दे कर शामानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय एकता ही एक भावना है जो सभी धर्म के लोगो को एक साथ रखती है गौरतलब है कि राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किसी जाति के लिए बल्कि पूरे देश के लिए है।

वहीं मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष निशा शर्मा जी ने रेली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके बाद रेली एक आगे आगे मिसाल लिए बच्चे चल रहे थे रैली श्याम मंदिर प्रांगण से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए पुन श्याम मंदिर प्रांगण आकर रेली का समापन हुआ।

# जाति जनगणना को लेकर एक दिवसीय धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट गठन और जाति जनगणना को लेकर अशोक यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना में अशोक यादव ने भारतीय सेना की वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा की 1962 में रेजांगला युद्ध में 114 वीर यादव सैनिक के बलिदान को देश भुला नहीं सकता जिसके शौर्य एवं पराक्रम के बल पर रेजांगला युद्ध में लगभग 3000 चीनी सैनिकों को मार गिराया था। इतना ही नहीं कारगिल युद्ध में भी यादव सैनिकों ने दुश्मन के सैनिकों को मार भगाया था। जिस दिन भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन हो जाएगा उस दिन से चीन और पाकिस्तान की औकात नहीं है कि भारत की तरफ आंख उठाकर देखें क्योंकि भारत का एक-एक यादव सैनिक परमाणु बम से कम नहीं है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा हर 10 वर्षों में एक बार जनगणना की जाती थी पर वह भी 15 वर्षों से नहीं हुआ है झारखंड में जाति जनगणना कराना बहुत ही अनिवार्य है जिससे पता चल सके की झारखंड में यादव की जनसंख्या कितनी प्रतिशत है। और किस वर्ग को कितना विकास कार्य योजना का लाभ है मिल रहा है। और साथ ही आर्थिक सामाजिक स्थिति का आकलन लग पाएगा। इसलिए यह भी कहा गया है कि सही लोगों के सरकार को विकास योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। किस तबके को कितनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए और कौन लोग रिश्तेदारी से वंचित रह रहे हैं। इन सभी बातों का जातिगत जनगणना करवाने से पता चल जाएगा। धरना में सुनील यादव, राजेश यादव, संजय यादव, कामेश्वर यादव, उमाशंकर यादव, त्रिवेणी यादव, राधेश्याम यादव, लालू यादव, मुकेश यादव, कुंदन यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, दिलीप यादव, राजीव यादव, सत्येंद्र यादव, आर्यन यादव, पप्पू यादव, संजय यादव, विक्रांत यादव, प्रमोद यादव, रंजीत यादव, अजय यादव, अनिल यादव, सुदामा यादव समेत संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# झरिया में पूर्व सीएमडी का लोगों ने किया भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के पूर्व सीएमडी एवं कोल इंडिया लिमिटेड के सलाहकार लोकप्रिय ए. कलाम का शनिवार को अपने कर्मभूमि झरिया क्षेत्र पहुंचने पर विभिन्न जगहों में प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री कलाम भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में विशिष्ट वक्ता के रूप में शुक्रवार को धनबाद आए थे। सर्वप्रथम श्री कलाम ने जियलगोड़ा मेंवर्षों पहले निर्मित कराए गये राम मंदिर जाकर माथा टेक भगवान कि आराधना कर आशीर्वाद लिया। वे विभिन्न कोलियरियों के प्रबंधक से लेकर लोदना क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक और बाद में भारत कोकिंग कोल के सीएमडी, कोल इंडिया के डीटी,के पद से सेवानिवृत होने के बाददो दो बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ए कलाम केंद्र सरकार के सेल, रक्षा विभाग सहित कई क्षेत्रों में सलाहकार भी रहे हैं। कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रबुद्ध जन मुख्य रूप से मजदूर नेता ललन चौबे, वाई एन उपाध्याय, अनिल पाण्डेय, सबूर गोराई, भाजपा नेता महावीर पासवान, गंगा राम ,कांग्रेस नेता मुख्तार खान,के के पाण्डेय, ददन सिंह आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री टेक्नोलॉजी पर प्रोग्राम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो निवास के कॉन्फ्रेंस हॉल में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक गण तथा विभागाध्यक्षों के लिये डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलोजी पर एक दिवसीय लीडरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ईडी बी के तिवारी, ईडी तथा अतिरिक्त प्रभार ईडी अमिताभ श्रीवास्तव, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ मुकेश कुमार सहित संयंत्र के सीजीएम तथा विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीएम (मा.सं.वि.) श्रीमती टोप्पो ने किया।

## एक नजर में

### विधायक ने किया तालाब का शिलान्यास

**पुटकी।** मुनिडीह क्षेत्र के जटुडीह ग्राम में भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा पेटियां पंचायत के बिन्दु गड़िया सरकारी तालाब का धनबाद विधायक राज सिन्हा के कर कमलों द्वारा जीणोद्धार हेतु शिलान्यास करते हुय कहा कि आज पूरे झारखंड के 81 विधानसभा के क्षेत्रों में राज्य सरकार के आदेशानुसार आज शनिवार को तालाब का शिलान्यास किया गया। यहाँ के जनता के द्वारा बहुत समय से इस तालाब को बनाने की मांग थी। जो आज शिलान्यास किया गया। इस शिलान्यास से यहाँ के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा जारहा है।मोके पर विकाश मिश्रा, मनोज सिंह, रमेश सिंह,रेणुका सिंह, आनन्द गौराई,विकाश सिंह चौधरी आदि गण्यमान्य लोग मोजूद थे।

### डीएवी बनियाहीर में मनाया गया ट्विंकलिंगस्टार-डे

**जोरापोखर।** शनिवार को डीएवी बनियाहीर के प्रांगण में ट्विंकलिंगस्टारझ्र डे मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से पाँचवी कक्षा के बच्चों ने अपनी भिन्न -भिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। छोटे बच्चों ने अपने नृत्य, अभिनय, गायन व नाटिका मंचन जैसे कौशलों से वहाँ उपस्थित अपने अभिभावकों व सभी दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मला डहंगा,सुमन पाठक, अंतरा भट्टाचार्या, सुमिता दत्ता,अतोषी चक्रबर्ती व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका रही।

### विधायक पूर्णिमा ने झरिया को दी 1,22,10,500 के योजनाओं की सौगात

**झरिया।** झरिया कोयलांचल में नये वर्ष के उल्क्षय पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने दी 1 एक करोड 22लाख 10हजार 5 सौ रुपये की लागत का विभिन्न जगहों पर योजनाओं की सौगात। दैविक मंत्रोचार के साथ नारियल फोडकर व फीता काट कर विधायक ने किया शिलान्यास । इस दौरान जगह जगह समर्थक पुष्प हार व आतिशबाजी के साथ विधायक पूर्णिमा का किया स्वागत । इस दौरान विधायक पूर्णिमा ने कहाकि जनता का समस्या समाधान को लेकर हर संभव सदैव तत्पर है।

## पेज एक का शेष

### सुखाड़ से राहत ...

**समाज और जिंदगी के लिए पानी जरूरी : सचिव :** कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि समाज और जिंदगी के लिए पानी जरूरी है। पानी का सदुपयोग संरक्षण को प्राथमिकता देना है। सुखाड़ से अगर निपटना है तो हमें सुनिश्चित सिंचाई की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है। सरकार प्राथमिकता के साथ राज्य में चेकडैम, नहर सहित कई योजनाएं कर रही हैं। कई केंद्रीय योजनायें, जिसमे आरकेवीवाई पीडीएम सी योजना के टॉपअप सब्सिडी की व्यवस्था करते हुए 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। झारखंड राज्य के अंतर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहू फसल कृषि के विकास मॉनसून पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न स्त्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था के लिये डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु जलनिधि नामक एक नई योजना वित्तीय वर्ष 2015-16 से प्रारंभ की गयी। सिंचाई कूप जिसमें कृषि योग्य भूमि को सिंचित एवं बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके। योजना बनाओ अभियान के तहत चयनित योजनाएं तथा अन्य स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, निदेशक भूमि संरक्षण पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी ओंकार नाथ सिंह, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### गुमला नाबालिग स्कूली ...

पीड़ित छात्रा ने बताया कि उसके रिश्ते के चाचा ने उसको डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया था और किसी को बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। चाचा के द्वारा कई बार उसका शारीरिक शोषण किया गया। इसी दौरान वह गर्भवती हो गयी थी। गर्भवती होने के बाद भी छात्रा यह हिम्मत नहीं जुटा पायी कि वह घटना की सूचना किसी को दे। छात्रा का स्कूल में नामांकन 2 अगस्त 2022 को हुआ था। वह अपनी कक्षा में लगातार पढ़ती रही। इस दौरान किसी को यह पता नहीं चल पाया कि छात्रा गर्भवती है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि छात्रा ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया है, पर उसकी कम उम्र को ले कर उसे चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। स्कूल की वार्डन शान्ति देवी ने बताया कि अगस्त महीने में उसका एडमिशन हुआ था। छात्रा खुद को हमेशा शॉल-स्वेटर से ढकी रहती थी, जिस कारण से पता नहीं चल पाया की वह गर्भवती है।

### बागी सन्नी टोप्पो कांग्रेस ...

**2019 में मांडर से चुनाव लड़ चुके हैं टोप्पो :** मिशन 2024 को लेकर भाजपा प्रदेश में अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गयी है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा 2019 का चुनाव या उसके बाद हुए उपचुनाव हार चुकी है, वहां के विक्षुब्ध नेताओं से पार्टी के पदाधिकारी लगातार संपर्क में हैं। भाजपा को सफलता भी मिल रही है। एक हफ्ते के अंदर रांची लोकसभा क्षेत्र के दो कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। रविवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो भाजपा में शामिल होंगे। वे 2019 के विधानसभा चुनाव में मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। चुनाव में पांचवें नंबर पर थे। इससे पहले 14 जनवरी को भी भाजपा ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उभरते नेता कर्नल बीके सिंह और कांग्रेस कार्यकर्ता हरीश तिवारी को भाजपा में शामिल कराया गया था।

**जमीन से जुड़े नेताओं का कांग्रेस में सम्मान नही : टोप्पो :** सन्नी टोप्पो ने कहा कि वे यूथ कांग्रेस से जुड़े थे। पार्टी में काफी एक्टिव रहे, लेकिन इन दिनों उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है। मांडर उपचुनाव में पार्टी के कैंडिडेट शिल्पी नेहा तिर्की को काफी सपोर्ट भी किया, लेकिन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का रवैया उनके प्रति अच्छा नहीं है। उचित मान-सम्मान नहीं मिलने के कारण उन्होंने 16 जनवरी को कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है और 22 जनवरी को मांडर में भाजपा की सदस्यता लेंगे।

### झारखंड में भव्य...

**दो दिन पहले ही साहिबगंज पहुंच गया क्रूज :** वाराणसी से चला गंगा विलास क्रूज को तय कार्यक्रम के अनुसार 23 जनवरी को साहिबगंज पहुंचने वाला था, जो दो दिन पहले यानी 20 जनवरी की शाम को ही साहिबगंज पहुंच चुका था। शुक्रवार की शाम से ही क्रूज साहिबगंज में ठहरा रहा। यात्रियों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम और सभी व्यवस्थाएं भी की गयी थीं। क्रूज के यात्रियों एवं आगंतुकों का साहिबगंज डीसी राम निवास यादव, राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत ओझा, पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा समेत जिला के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया।

### वर्दी की गरिमा ...

कि अपने पैरों पर खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। जवान का नाम विश्वनाथ राम बताया जा रहा है,जो अहले सुबह ही रणधीर वर्मा चौक के पास ही जमीन पर गिर पड़ा। शराबी पुलिस वाले को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। कुछ लोग यह भी मांग करते हुए सुने गये कि ऐसे शराबी पुलिस जवान जो अपनी वर्दी तक कि इज्जत नही रख सकता वैसे पुलिस जवान को तत्तकाल पुलिस महकमे से निकाल बाहर कर देना चाहिए। राहगीर कहते हुए जा रहे थे कि जिनके भरोसे सुरक्षा का जिम्मेदारी है, वह खुद नशे के हालत में उनको खुद को सुरक्षा चाहिए।

